दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। सोमवार 24 जून -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 255 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से हुई दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता की मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का सहज व्यवहार उनके समर्थकों और जनता को काफी पसंद आता है। उनकी इसी सहजता का भाव तब दिखाई दिया जब दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता ने रविवार सुबह दिल्ली गोवा सदन में उनसे मुलाकात की ।ये मुलाकात काफी यादगार रही, श्री गुप्ता ने इस मौके पर सीएम प्रमोद सावंत को दैनिक करंट क्राइम के दैनिक एवं डिजिटल संस्करण एवं प्रकाशन की जानकारी दी। इस मौके पर संपादक मनोज गुप्ता ने पुष्पगुच्छ देकर सीएम प्रमोद सावंत का स्वागत भी किया।

## सीबीआई को सौंपी गई पेपर लीक मामले की जांच

**नई दिल्ली।** पेपर लीक के मामले ने इन दिनों देशभर में सुर्खियां बटोरीं हैं। अब खबर है कि नीट-यूजी में अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पहली एफआईआर दर्ज की है। एजेंसी से जुड़े अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी है।

सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 5 मई को आयोजित की कई नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओ और धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि परीक्षा प्रक्रिया के संचालन में पारदर्शिता के लिए मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपा गया है।




केंद्रीय जांच ब्यूरो का कहना है कि इस मामले में एफाआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले कीजांच के लिए सीबीआई ने विशेष टीमों का गठन किया है। ये टीमें बिहार के पटना और गुजरात के गोधरा भेजी जा रही हैं। दरअसल पटना और गोधरा में स्थानीय पुलिस ने कई मामले दर्ज किए हैं।

इससे पहले बिहार पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को भी गिरफ्तार किया था। वहीं, नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवॉड ने शक के आधार पर पकड़ा।

बता दें कि विपक्ष और सामाजिक संगठनों ने नीट यूजी का पेपर लीक होने का आरोप लगाया और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी।

## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की कमान से निकला लोनी के अधूरे विकास का तीर

### पीडब्ल्यूडी चीफ इंजीनियर से मांग लिया रोड और फ्लाईओवर का हिसाब



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अब अपने अंदाज में लौट रहे हैं वो क्षेत्र के विकास को लेकर हमेशा से एक अलग विजन रखते हैं।

इस बार शुरूआत लोनी से हो रही है और लोनी के अधूरे विकास को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की कामन से तीर निकला है। लोनी के अधूरे फ्लाईओवर से लेकर दिल्ली सहारनपुर रोड के मेंटिनेंस खर्च को लेकर उन्होंने पूछ लिया है। लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियन्ता को पत्र लिखा और लोनी की पानी निकासी को लेकर करोड़ो रुपए खर्च होने पर सवाल पूछा है। उन्होंने तीन बिन्दुओं पर चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग से जवाब मांगा है।

### पानी की निकासी पर करोड़ो रुपए हो गये खर्च लेकिन क्यों नहीं बनी निकासी की योजना

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियन्ता को पत्र लिखा और पूछा कि मुझे स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया है कि रोड़ खराब होने की वजह वहां पर पानी की निकासी ना होना है। पानी की निकासी ना होने से हर वर्ष जो करोड़ो रूपया खर्च होता है वो क्या कारण है कि पानी की निकासी की योजना नहीं बन रही है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने चीफ इंजीनियर से पूछा है कि योजना बनाने की जिम्मेदारी किसकी है और भविष्य में इस पर क्या प्रगति हो सकती है।

### अधूरा फ्लाईओवर बनेगा या नहीं बनेगा करें स्पष्ट

**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पीडब्लूडी के चीफ इंजीनियर से फोन पर वार्ता के क्रम में पत्र लिखा और पूछा कि दिल्ली सहारनपुर मार्ग के अंदर एक अधूरा फ्लाईओवर है। ये फ्लाईओवर एनएचएआई को बनाना है या नहीं बनाना है, इसकी स्थिति स्पष्ट करें। ये फ्लाईओवर बनेगा य नहीं बनेगा ये बतायें। अगर नहीं बनेगा तो अधूरे बने हुए फ्लाईओवर की वजह से वहां जो अवरोध हो रहा है तो इसकी क्या पोलिसी है और इसका निर्णय कौन लेगा।

### दिल्ली सहारनपुर मार्ग के रख-रखाव में पांच वर्ष में हो गये कितने रुपए खर्च

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने लोनी के दिल्ली सहारनपुर मार्ग को फोकस में रखा है और उन्होंने दिल्ली सहारनपुर मार्ग के इस रोड़ को लेकर चीफ इंजीनियर से सीधा सीधा पूछ लिया है कि इस रोड पर अभी तक पिछले पांच वर्ष में रख-रखाव में कितना रूपया खर्च हो चुका है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने यह भी पूछा है कि दिल्ली सहारनपुर मार्ग की यह सड़क नए सिरे से क्यों नहीं बनायी जा रही है।

## न्यू डिफेंस कॉलोनी में मां और 2 बेटी की जिंदा जलकर मौत खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, 4 लोग गंभीर झुलसे

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र की न्यू डिफेंस कॉलोनी के एक निमार्णाधीन मकान में खाना बनाते समय रसोई गैस सिलेंडर में गैस रिसाव होने की वजह से आग लग गई। इस घटना में खाना बना रही मां और उसकी दो बेटियां झुलस कर मर गईं। चार अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार टीला मोड़ क्षेत्र की बी 60 डिफेंस कॉलोनी में मुकेश सोरों जिला कासगंज उत्तर प्रदेश निवासी अपने परिवार के साथ रहता है। पेंठ बाजार में सब्जी बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। इस मकान में लगभग 6 महीने से रह रहा है यह मकान निमार्णाधीन है। स्थानीय निवासियों द्वारा इस मकान में आग लगने की सूचना मिली थी । मौके पर पहुंची पुलिस और फायरब्रिगेड कर्मियों ने आग से झुलस हुए लोगों को घर से बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल भिजवाया। इस घटना में एक महिला और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई है ।परिवार के चार लोग घायल हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मकान में लकड़ी का कार्य चल रहा था कारपेंटर सोनू लकड़ी काट रहा था लकड़ी काटते वक्त चिंगारी गैस सिलेंडर के रेगुलेटर के पास लगी जिससे सिलेंडर में आग लग गई जिसमें भगवती 45 साल, प्रियंका 18 साल, हिमानी 16 साल, झुलस गई और मुकेश 50 साल, सोनू 35 साल, अंकित 17 साल, घटना में घायल हुए हैं। घर के सभी लोग झुलस गए गए थे। नाथू 55 वर्षीय बचाव के लिए आए मकान मालिक भी इस घटना में शिकार हो गए। सभी को तुरंत दिल्ली स्थित जीटीवी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना में महिला भगवती बेटी हिमानी और प्रियंका की मौत हो गई है। अन्य लोगों को झुलसी व्यवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया के अभी तक की जांच में पता चला है खाना बनाने के समय रसोई गैस सिलेंडर में गैस रिसाव हुआ और इतना बड़ा हादसा हो गया।



यह मकान नाथूराम का है जिसमें यह परिवार किराए पर रहता था। नाथूराम रिश्ते में मुकेश के जीजा लगते हैं। आग लगने की सूचना पर मकान मालिक नाथूराम भी मौके पर पहुंचे थे वह स्वयं घायल हो गए। आग लगने की सूचना पाकर डीसीपी निमिष पाटिल मौके पर पहुंचे और घटना का मुआयना किया तथा अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि सूचना मिलने पर तत्काल दमकल गाड़ी और टीम को मौके पर भेजा गया लेकिन स्थानीय लोगों ने पहले ही आग पर काबू पा लिया।

## जनरली अभी कायम है साहब का गाजियाबाद लोकसभा से जुड़ाव और नाता

## यूं ही नहीं कोई गम में शामिल होने के लिए दिल्ली से चलकर है आता



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनरल वीके सिंह 10 साल गाजियाबाद लोकसभा से सांसद रहे हैं। 2014 में वो रिकार्ड वोटों से चुनाव जीते और उनके सामने सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। इसके बाद वो 2019 में लगभग साढे 5 लाख वोटों से चुनाव जीते। 2024 में यहां पहले टिकट होल्ड हो गया और बाद में जनरल वीके सिंह ने खुद की ट्वीट करके चुनाव न लड़ने का ऐलान कर दिया। जनरल वीके सिंह के ट्वीट के बाद एक घंटे में ही अतुल गर्ग के नाम की घोषणा हो गई। लोकसभा चुनाव आया तो ये माना जा रहा था कि जनरल वीके सिंह नहीं आयेंगे। लेकिन जनरल वीके सिंह गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में भी आये और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो में भी शामिल हुए। हालांकि वो इसके बाद प्रचार में नहीं आये और इसकी वजह ये बतायी गई थी कि भाजपा संगठन ने उन्हें चुनावों में उत्तराखंड का प्रभारी बनाया था। लिहाजा वो उत्तराखंड के चुनाव में व्यस्त रहे अपना जन्मदिन मनाने के लिए आये। ये कहा जा रहा था कि अब जनरल वीके सिंह गाजियाबाद से कोई जुड़ाव नहीं रखेंगे और वो यहां नहीं आयेंगे। हालांकि जनरल वीके सिंह ने उसी समय यह कहा था कि उनका गाजियाबाद से दस साल पुराना नाता है और ये कायम रहेगा। रविवार को जनरल वीके सिंह के ये वचन और ये नाता दोनों ही दिखाई दिये। वो विशेष रूप से दिल्ली से चलकर गाजियाबाद आये। उन्होंने गाजियाबाद लोकसभा के एक छोर से लेकर दूसरे छोर तक इस नाते को निभाया। वो अब सांसद नहीं हैं लेकिन वो यहां दो लोगों के गम में शरीक हुए। जनरल वीके सिंह दोपहर 12 बजे दिल्ली से गाजियाबाद के लिए आये। वो दोपहर 1 बजे गाजियाबाद की जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी के ससुर तथा भाजपा के क्षेत्रीय पदाधिकारी बसंत त्यागी के पिता स्व किशन कुमार त्यागी की शोकसभा में पहुंचे। ट्रोनिका सिटी में आयोजित इस शोकसभा में जनरल वीके सिंह ने दिवंगत आत्मा को श्रृद्धांजलि भी अर्पित की और शोकाकुल परिवार के साथ भी बैठे उन्हें भी सांत्वना दी। इसके बाद जनरल वीके सिंह गाजियाबाद में डायमंड पैलेस पहुंचे। यहां भाजपा नेता वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों की माता जी की शोकसभा थी। डायमंड पैलेस में आयोजित इस शोकसभा में जनरल वीके सिंह पहुंचे। उन्होंने श्रृद्धांजलि अर्पित की और वेद प्रकाश गर्ग और उनके भाईयों से मिले। यहां पर वो संदेश देने में सफल रहे कि गाजियाबाद से उनका नाता है वो सुख दुख में शामिल हो रहे हैं। इसलिए कोई ये धारणा ना बनाये कि वो यहां से नाता नहीं रखेंगे।



बहरहाल रविवार का दिन इस बात का गवाह बना कि भले ही जनरल गाजियाबाद के पूर्व सांसद हो गये हैं लेकिन उनकी भावनाएं अभूतपूर्व हैं। ऐसे ही कोई दिल्ली से चलकर नहीं आता है। कुछ तो लगाव है कुछ तो नाता है।

## जो वोट के हिसाब से मंदिर निर्माण के औचित्य का मूल्यांकन करने का प्रयास कर रहे हैं, वे भ्रम में हैं

## हिंदुत्व की आस्था बहुत गहरी है, श्री राम के साथ वह अपना अस्तित्व देखता है : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अयोध्या में आस्था का सैलाब आया हुआ है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शनार्थियों का जो हुजूम देखा। भयंकर उमस भरी गर्मी में भी लाखों दर्शनार्थी लंबी-लंबी लाइनों में लगे अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

श्री राम के प्रति लोगों की आस्था अनन्त है, अक्षुण्ण है। अपने मित्र के सौजन्य से हमें तो वीआईपी दर्शन की व्यवस्था का लाभ मिल गया और दो घण्टे में ही दर्शन करना सम्भव हो गया। लेकिन जो आम राम भक्त के रूप में दर्शन कर रहे हैं। उनकी कठिनाइयां और आस्था के सामने नगण्य हैं। अयोध्या में और विशेष रूप से श्रीराम मंदिर के दर्शनार्थियों पर न लोकसभा चुनाव के परिणाम से कोई प्रभाव है और उन प्रायोजित समाचारों से कोई प्रभाव है जो श्रीराम मंदिर के निर्माण के गौरव को श्रीहीन करने के प्रयासों में ऐसे समाचार फैलाने में लगे हैं जिससे ऐसा सन्देश निकले कि श्रीराम मंदिर का जादू उतर रहा है। एक विदेशी कहावत है कि कुल्हाड़ी भूल सकती है लेकिन पेड़ नहीं भूलता जिसे काटा गया है।



श्री राम मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद पहली बार अयोध्या आया हूं। लेकिन मंदिर पुनर्निर्माण से पहले कई बार आया हूं। श्री राम जन्म भूमि आंदोलन में भी दो बार अयोध्या सत्याग्रह में भी आया था। हनुमान गढ़ी पर भी दर्शनार्थियों का ऐसा सैलाब नहीं देखा। जो वोट के हिसाब से मंदिर निर्माण के औचित्य का मूल्यांकन करने का प्रयास कर रहे हैं। वे भ्रम में हैं। हिंदुत्व की आस्था बहुत गहरी है। श्री राम के साथ वह अपना अस्तित्व देखता है।

पहचान देखता है और अपना भविष्य देखता है। श्री राम का मंदिर लाखों बलिदानों और 500 साल के संघर्ष के बाद अस्तित्व में आया है। एक गीत पंक्तियां कुछ इस तरह की हैं- मैं सोता सिंह जगा दूंगा तुम उसे सुला सकते हो क्या ? सोता सिंह जाग्रत हो गया है। अब उसे सुलाने की शक्ति किसी मे नहीं है।

# री-नीट की मांग को लेकर फिर धरने पर छात्र, कहा: सीबीआई जांच से कुछ नहीं होगा

**नई दिल्ली ।** नीट में कथित धांधली को लेकर छात्रों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। नीट को फिर से कराने की मांग के लिए छात्र एक बार फिर सड़क पर उतर चुके हैं।

छात्रों की इस लड़ाई में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी शामिल है। परीक्षा फिर से कराने की मांग को लेकर नीट अभ्यर्थियों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान आईएएनएस ने धरना दे रहे नीट अभ्यर्थियों से बात की। जंतर-मंतर पर धरना दे रही एक छात्रा ने बताया कि यह मेरा दूसरा अटेम्प्ट था और मेरे 620 अंक आए हैं। हमारी मांग है कि नीट दोबारा कराई जाए, इस परीक्षा ने हम संतुष्ट नहीं हैं। इस सरकार के ऊपर जब विपक्ष का इतना प्रेशर पड़ा तब




सीबीआई जांच के आदेश दिए गए। नीट फिर से कराना ही एकमात्र विकल्प है। हर्ष दुबे ने कहा कि हम चाहते हैं कि नीट दोबारा कराई जाए। सरकार अब यह मान रही है कि गलतियां हुई है, एनटीए के डीजी को हटा दिया गया, सीबीआई को जांच सौंपी गई। परीक्षा में अगर धांधली नहीं हुई तो फिर सरकार कार्रवाई क्यों कर रही है। सीबीआई को पहले भी जांच सौंपी जा सकती थी, जांच में देरी करने से आरोपियों को सबूत के साथ छेड़छाड़ करने का समय मिल गया है। हमारी मांग है कि परीक्षा फिर से कराई जाए, ताकि छात्रों को इंसाफ मिले। धरने पर बैठे छात्र प्रशांत ने बताया कि हमारी मांग है कि नीट दोबारा कराई जाए। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, इसलिए आज फिर हम जंतर-मंतर पर आए हैं। इससे पहले भी हम यहां धरने पर बैठ चुके हैं। जो काम सरकार अब कर रही है, वह पहले किया जाना चाहिए था। अब तक तो सबूत के साथ छेड़छाड़ की जा चुकी होगी।

सीबीआई जांच से कुछ नहीं होने वाला है, हमारी मांग है कि परीक्षा दोबारा कराई जाए। बता दें कि केंद्र सरकार ने नीट में हुई कथित धांधली की जांच सीबीआई को सौंप दी है और एनटीए के डीजी को भी पद से हटा दिया है।

## सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की कोशिश के बाद हैदराबाद के बाहरी इलाकों में धारा 144 लागू

**हैदराबाद ।** ग्रेटर हैदराबाद के मियापुर और चंदानगर पुलिस थाना क्षेत्रों में एक हफ्ते के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है। यह आदेश सैकड़ों लोगों की ओर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने के प्रयास की घटना के बाद दिया गया। साइबराबाद पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती के आदेश से धारा 144 लागू की गई है। रविवार सुबह 6 बजे से लागू आदेश 29 जून रात 11 बजे तक लागू रहेगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि धारा 144 मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति, मानव जीवन और सुरक्षा को खतरा, सार्वजनिक शांति में व्यवधान, दंगा या मारपीट की घटना या किसी व्यक्ति को उसके वैध कर्तव्य निर्वहन में बाधा उत्पन्न होने से रोकने के लिए लगाई गई है।
आदेश में पांच या उससे ज्यादा व्यक्तियों के इकट्ठा होने पर रोक लगाई गई है, जो लोग आमतौर पर उस क्षेत्र में नहीं रहते हैं या जिनका आमतौर पर उस क्षेत्र में कोई काम नहीं है, उन लोगों को भी दोनों पुलिस थानों की सीमा में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। बता दें कि सैकड़ों लोगों ने शनिवार को हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचएमडीए) की 525 एकड़ जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया। अतिक्रमण करने वालों ने अस्थायी आश्रय स्थल बनाए।

## दिल्ली के रिज में पेड़ों की कटाई के मामले पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के मुद्दे पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष को आपराधिक अवमानना का स्वतः संज्ञान नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद लिस्ट के मुताबिक, न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और उज्जल भुयान की अवकाश पीठ 24 जून को मामले की सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में डीडीए के उपाध्यक्ष से पूछा था कि पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने वाले उसके आदेशों का जानबूझकर उल्लंघन करने के लिए उन पर अदालत की आपराधिक अवमानना का मुकदमा क्यों न चलाया जाए। कोर्ट ने कहा, हम यह मानने को तैयार नहीं हैं कि सड़क चौड़ी करने का काम जिस ठेकेदार को सौंपा गया है, उसने अपनी मर्जी से पेड़ों को काटा है। पेड़ों की कटाई डीडीए के अधिकारियों के आदेशों के आधार पर ही हुई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डीडीए उपाध्यक्ष ने पेड़ों की कटाई को कम करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने का प्रस्ताव भेजकर उपराज्यपाल को गुमराह किया है। शीर्ष अदालत ने उम्मीद जताई थी कि उपराज्यपाल इस मुद्दे को न केवल दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में, बल्कि डीडीए के अध्यक्ष के रूप में भी गंभीरता से लेंगे। सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि डीडीए द्वारा काटे गए हर पेड़ के बदले 100 नए पेड़ लगाए जाने चाहिए।

## न्यूज डायरी

### पैथोलॉजी लैब में आग लगने से 15 लाख का सामान जलकर राख



गाजियाबाद, करंट क्राइम। डासना की पुरानी पेंठ में बीती रात न्यू लाइफ लाइन पैथोलॉजी लैब में अचानक इनवर्टर में शॉर्टकट होने से 15 लाख से भी ज्यादा का सामान जल कर राख हो गया। लैब के मालिक इमरान ने बताया कि वह रात में लैब को बंद करके घर चला गया था जब सुबह लैब खोलने पहुंचा तो दुकान से धुआं निकल रहा था। लैब में आग लग चुकी थी जिसमें लैब का सारा कीमती सामान जल चुका था। इमरान ने बताया कि उसका 15 लाख से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है दुकान में लगी पैथोलॉजी लैब मशीन जलकर राख हो गई है, एसी, फ्रिज,वायरिंग, इनवर्टर, कुर्सी सहित सभी सामान जलकर राख हो चुका है।

### 22वी यूथ बास्केटबॉल चैंपियनशिप में गाजियाबाद ने मुरादाबाद को हराया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बरेली में खेली जा रही 22वीं उत्तर प्रदेश स्टेट यूथ बास्केटबॉल चैंपियनशिप में क्वाटर फाइनल मैच गाजियाबाद और मुरादाबाद के बीच खेला गया जिसमें गाजियाबाद ने मुरादाबाद को 45-34 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। गाजियाबाद के अपूर्व सिद्धार्थ ने मैच में व्यक्तिगत 21 पॉइंट करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसके फलस्वरूप अपूर्व सिद्धार्थ को प्लेयर ऑफ दा मैच से नवाजा गया अपूर्व सिद्धार्थ के बास्केटबॉल कोच निर्भय चौधरी और सेंट पॉल अकादमी के प्रिंसिपल फादर बाईजू व मैनेजर फादर सीरियेक ने अपूर्व के प्रदर्शन की सराहना की।

## पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** इंदिरापुरम वार्ड 98 के पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की। पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने भी उन्हें उनके बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। और कहा कि हमारी सरकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सभी नागरिकों के समान अधिकार हेतु कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान देशभक्त थे. उन्होंने कश्मीर को लेकर अपने जीवन का बलिदान दिया है. इसलिए उनकी पुण्यतिथि भाजपा बलिदान दिवस के रूप में मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

## एचआरआईटी में एमबीए विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट विभाग द्वारा एम बी ए के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी बोन बोएज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के वाइस चेयरमैन अंजुल अग्रवाल, डायरेक्टर जनरल डॉक्टर बीके जैन, ग्रुप डायरेक्टर एनके शर्मा, डॉ. निर्दोष अग्रवाल, डॉ. प्रभाकर मिश्र, डॉ. हरीश तलुजा, रंजना शर्मा, डॉ. रुपांजली, आचार्य डॉ. सिन्हा, डॉ नवनीत व डॉ. शबनम ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में मिस्टर फेयरवेल उत्कर्ष मौर्या एवं मिस फेयरवल रिया तोमर को घोषित किया गया। इसके अलावा मिस्टर टेलेंट आसिम रियाज एवं मिस टेलेंट विशाका त्यागी और विदुषी रावत को घोषित किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा संगीत कार्यक्रम के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। डायरेक्टर एनके शर्मा ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ.धमेंद्र, डॉ. गौरव,डॉ रश्मि त्यागी, कु. अनिमा, मोहित राणा,एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल भूषण मौजूद रहे।

## वार्ड 97 में सड़क निर्माण शुरू, पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ





**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** रामप्रस्थ डी ब्लॉक में पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने रविवार को सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया। इस दौरान पार्षद द्वारा नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया गया। पार्षद ने 20 लाख रुपये के बजट से सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही है। सड़क निर्माण शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने पार्षद को धन्यवाद दिया। रामप्रस्थ निवासियों द्वारा सड़क बनाए जाने की काफी समय से मांग की जा रही थी जिसे पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल द्वारा पास कराया गया है। रामप्रस्थ कॉलोनी के डी ब्लॉक में सड़क के दोनों ओर टाइल्स लगाई जाएंगी। पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने बताया कि सड़क बनाने में 20 लाख का खर्च आयेगा। साथ ही शिप्रा रिवेरा से शुक्र बाजार रोड पर मिलने वाली सड़क को बनाया जाएगा। उसकी लंबाई 240 मीटर रोड का निर्माण कार्य रविवार को शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह कार्य पार्षद निधि द्वारा कराया जा रहा है। पार्षद ने बताया कि काफी समय से लोगों द्वारा सड़क बनाए जाने की मांग कर रहे थे। स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। स्थानीय निवासी कुलदीप आर्य सहित क्षेत्र के लोगों ने काफी समय से पार्षद से सड़क बनवाने की मांग की थी। इस अवसर पर कुलदीप आर्य, विलम मुदरा मुकेश गुप्ता, सन्दीप, किरण शर्मा , पार्षद विनय चौधरी, अखिलेश कुलश्रेष्ठ, राजीव, मनोज सिक्का, लवली सिंह, गोल्डी शर्मा, प्रशांत जैन, श्याम माता, मुकेश गढ़वाल, नरेश जितेंद्र वालिया आदित्य ढाका आदि लोग मौजूद रहे।

## कमिश्नरेट पुलिस ने ड्रग फ्री कैम्पस के तहत चलाया जागरूकता अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नशे के विरुद्ध गत 12 जून से गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने अभियान चलाया हुआ है। नशे के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जागरुकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कमिश्नरेट पुलिस का यह अभियान 26 जून तक चलेगा। पुलिस द्वारा मिशन ड्रग फ्री कैम्पस के अन्तर्गत जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। माल, सार्वजनिक स्थानों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर विभिन्न हितधारकों के सहयोग से ई-प्रतिज्ञा का प्रचार एवं प्रदर्शन किया गया। विभिन्न बाजारों व प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, सभाएं करके व पम्फलेट बांटकर लोगों को मादक पदार्थों से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया गया।






## श्याम पार्क मेन में मनाई संत कबीर दास की जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को संत कबीर पुस्तकालय में संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सीपी सिंह, फूलमती यादव ने सभी छात्र-छात्राओं को कबीर साहेब की जयंती के अवसर पर मग भेंट किया। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों ने महात्मा कबीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे स्मरण करते हुए उनके द्वारा दिखाये मार्ग पर चलने का संकल्प लियो कबीर साहेब अमर रहे के उद्घोष से वातावरण उल्लास से भर गया। शिक्षाविद राम दुलार यादव ने कहा कि सैकड़ों वर्ष पहले कबीर साहेब ने रूढ़िवाद, पाखंड और समाज में व्याप्त आडंबर और कुरीतियों को दूर करने के लिए सारा जीवन लगाया, अशिक्षा और अज्ञानता के कारण आज भी समाज में व्याप्त है। जब तक झूठ और अशिक्षा पर विजय नहीं पायी जाएगी, अंधकार नहीं मिटेगो यह तर्कपूर्ण शिक्षा से ही संभव है, तभी हम सही गलत में भेद कर सकते है, कबीर साहेब ने अन्याय, अत्याचार, अहंकार, और शोषण को सामाजिक बुराई माना, ईर्ष्या, द्वेष के समूलनाश के लिए अलख जगाई, हमे कबीर साहेब के बताए मार्ग पर चलकर मानवतावादी समतामूलक समाज बनाने के लिए प्रयत्न करना चाहिए, पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर फूलमती यादव, धर्मेन्द्र यादव, हरेन्द्र यादव, अंकित, मनोरमा, अर्पित, अमर बहादुर, सौरभ, अंकुश, आकाश, सुमित कुमार, अमन, प्रदीप कुमार, अंशिका सिंह, गौरव श्रीवास्तव, अमित कुमार, प्रीति, प्रियंका, हिमांशु वर्मा, मुस्कान राय, खुशी, हेमा, आशीष आदि लोग मौजूद रहे।

## साध्वी महंत कैलाश गिरी ने किया महंत नारायण गिरि का अभिनंदन



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटेड फ्रंट के अध्यक्ष महंत नारायण गिरी महाराज के दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लेने पर शनिवार को सिद्धपीठ श्रीदूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दिल्ली संत महामंडल द्वारा महाराजश्री का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया इस अवसर पर महंत नारायण गिरी ने कहा कि उनका एक वर्ष का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा और इस दौरान समाज व धर्म उत्थान के लिए अनेक कार्य हुए तो इसका श्रेय दिल्ली संत महामंडल के सभी पदाधिकारियों को है जो धर्म व समाज सेवा के लिए वर्षो से निरंतर कार्य कर रहे हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि नर सेवा ही नारायण की असली सेवा यानि पूजा है और दिल्ली संत महामंडल का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के समय उन्होंने नर सेवा नारायण सेवा को ही सबसे ऊपर रखा। इसके लिए वंचितों व जरूरतमंदों की अधिक से अधिक सेवा करने का संकल्प लिया गया। उनकी शिक्षा, चिकित्सा, भोजन, वस्त्र जैसी सुविधाओं को पूरा करने के लिए पिछले एक वर्ष से लगातार कार्य किया जा रहा है। दो एम्बुलैंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

दिल्ली संत महामंडल दिल्ली की मुख्य संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष साध्वी महामंडलेश्वर विद्यानंद गिरी महाराज, महामंत्री महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज, संगठन मंत्री महामंडलेश्वर कंचन गिरी महाराज, कोषाध्यक्ष महंत धीरेंद्र पुरी महाराज आरटीओ, कोतवाल महंत मंगलदास महाराज ने माल्यार्पण कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर महाराजश्री का अभिनंदन किया। दिल्ली संत महामंडल दिल्ली की मुख्य संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष साध्वी महामंडलेश्वर विद्यानंद गिरी महाराज ने कहा कि श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज के कुशल नेतृत्व में दिल्ली संत महामंडल ने पूरे देश में अलग पहचान बनाई है। महामंत्री नवल किशोर दास महाराज ने कहा कि श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज के कुशल नेतृत्व में दिल्ली संत महामंडल समाज, देश, धर्म व आध्यात्म सेवा में सबसे आगे है। संगठन मंत्री महामंडलेश्वर कंचन गिरी महाराज ने कहा कि श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज के दिल्ली संत महामंडल का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से दिल्ली संत महामंडल ही नहीं साधु-संतों का भी गौरव बढ़ा है।

### दिल्ली संत मंडल ने किया स्वागत -सत्कार



**करंट क्राइम।** दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में एक साल का सफल कार्यकाल पूरा करने पर साध्वी महंत कैलाश गिरी ने अपने सदगुरु महंत नारायण गिरी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हमें ऐसे पूजनीय गुरुदेव का परम सानिध्य प्राप्त हुआ है,उनका आशीर्वाद मिला है। ये पल हम सभी के लिए हर्ष उल्लास का पल है।

## पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बलिदान दिवस के रूप में मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** रविवार को भाजपा पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। वार्ड 41 झंडापुर गांव स्थित अपने कार्यालय में पार्षद के साथ भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। सभी कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। कहा कि महान शिक्षाविद, समाज सुधारक, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर हम सभी भाजपा परिवार ने पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अभिन्न कश्मीर का जो सपना देखा था, वह नरेंद्र मोदी की सरकार ने पूरा किया। केंद्र सरकार ने साहसिक व ऐतिहासिक कदम उठाते हुए एक झटके से कश्मीर से धारा 370 और 35-ए को हटा दिया। एक ही देश में दो झंडे और दो निशान भी उनको स्वीकार नहीं थे। आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने उनके पदचिन्हों पर चलते हुए, अपना आदर्श मानते हुए उनके सपनों को पूर्ण किया। इस अवसर पर पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय, मोहनलाल गौर मंडल उपाध्यक्ष, राहुल परिहार बूथ अध्यक्ष, प्रीतम सूर्यवंशी, मोहित सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह बहादुर, बूथ अध्यक्ष अमित सिंह, हीरालाल यादव, गर्व उपाध्याय, शिवम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दंबगों ने युवक को बेहरमी से पीटा ,रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव नेकपुर में ट्यूबवैल पर पानी पीने पर दंबगों ने एक युवक की बेहरमी से पिटाई कर दी। जब उसे बचाने के लिए मां बाप आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव नेकपुर निवासी इरफान अपनी पत्नी शाहरुख के साथ अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच शाहरुख पड़ोस के खेत में चल रही ट्यूबवैल पर पानी पीने के लिए चला गया। पानी पीने से नाराज होकर दंबगों ने शाहरुख की जमकर पिटाई कर दी।

### नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मौहम्मद नूर देशमुख (MOHAMMED NOOR DESMUKH) निवासी मलिक नगर मुरादनगर जिला गाजियाबाद है। मेरे बेटे की जन्म पत्री में बेटे का नाम अव्वाब लिखा गया था जो की गलत है, मेरे बेटे का सही नाम मोहम्मद अव्वाब देशमुख (MOHAMMED AWWAB DESMUKH) है, जन्म पत्री में मेरी पत्नी का नाम नीलम लिखा गया था जो की गलत है, मेरी पत्नी का सही नाम नीलम सबा ( NEELAM SABA) है। भविष्य में इन्हें इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। सोमवार 24 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# पाकिस्तानी नंबर से मिली भाजपा नेता मानसिंह गोस्वामी और उनके पुत्र को भुगत लेने की धमकी

● भाजपा पार्षद रेखा गोस्वामी के मोबाइल पर आई धमकी वाली कॉल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी को पाकिस्तानी नंबर से आई कॉल पर धमकी दी गई है। पाकिस्तान के जिस नंबर से कॉल आई है उस कॉल से मान सिंह गोस्वामी के पुत्र कुशाग्र गोस्वामी को भी धमकी दी गई है। खास बात ये है कि पाकिस्तानी नंबर से आई ये धमकी वाली कॉल क्षेत्रीय पदाधिकारी मानसिंह गोस्वामी की पत्नी और भाजपा पार्षद रेखा गोस्वामी के नंबर पर आई। भाजपा पार्षद रेखा गोस्वामी ने शालीमार गार्डन थाने में तहरीर दे दी है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।










## पहले भी मिली है मानसिंह गोस्वामी को इस प्रकार की धमकी

**करंट क्राइम।** मानसिंह गोस्वामी भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। वो क्षेत्रीय पदाधिकारी हैं। भाजपा के विभिन्न आयामों से जुड़े हैं। सक्रिय रूप से राजनीति करते हैं और ऐसे में उन्हें फोन धमकी दे रहा है इसकी जांच की जा रही है। क्योंकि बताया ये जाता है कि मान सिंह गोस्वामी को पूर्व में भी इस प्रकार की धमकी मिल चुकी है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## रेखा गोस्वामी के फोन पर 923067461506 से आई धमकी भरी कॉल



**करंट क्राइम।** वार्ड 10 की भाजपा पार्षद रेखा गोस्वामी भाजपा नेता मानसिंह गोस्वामी की पत्नी हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रविवार को दोपहर पौने 12 बजे मौजूद थी और उसी समय 923067461506 नंबर से कॉल आई जिसमें कॉल करने वाले ने रेखा गोस्वामी के पति मानसिंह गोस्वामी और छोटे बेटे कुशाग्र गोस्वामी का नाम लेकर धमकी भरे लहजे में बात की और गंभीर परिणाम भुगतने के लिए कहा। जब कि रेखा गोस्वामी कुछ बोल पाती तब तक कॉल काट दी गई। रेखा गोस्वामी ने शालीमार गार्डन थाने में तहरीर दे दी है।

## पश्चिम बंगाल से तो नहीं है इस कॉल का कनैक्शन

**करंट क्राइम।** मान सिंह गोस्वामी शांत स्वभाव के नेता माने जाते हैं। उनका परिवार भी शिक्षित और संभ्रात परिवार माना जाता है। किसी की कोई दुश्मनी नहीं है ऐसे में कौन है जो मानसिंह गोस्वामी और उनके पुत्र को धमकी दे रहा है। इसकी जांच हो रही है और वहीं इस कॉल का कनैक्शन पश्चिम बंगाल से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। मान सिंह गोस्वामी ने विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में डेरा डालकर प्रचार किया था। वो कई महीने वहीं रहे थे और बताया जाता है कि एक बार वहां की एक विधानसभा में उन पर हमले का भी प्रयास हुआ था। लिहाजा ऐसे में ये भी एक ऐंगल है कि पश्चिम बंगाल से भी इस कॉल का कोई कनैक्शन हो सकता है।

# नालों की सफाई और अवैध अतिक्रमण को लेकर जाकिर सैफी ने लिखा नगर आयुक्त को पत्र

## पार्षद रुकसाना सैफी ने कहा आम जनता को दिलायी जाये इस समस्या से निजात

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वार्ड 95 के पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी और मौजूदा पार्षद रूखसाना सैफी ने नगर आयुक्त को एक पत्र लिखा है। जाकिर सैफी ने अपने पत्र में मस्जिद के पास मौजूद नाले और सीवर लाइन की समस्या का मुद्दा उठाया है। उन्होंने नगर आयुक्त को पत्र लिखा और कहा जिले की सबसे बड़ी मस्जिद के पास का हाल खराब चल रहा है। यहां देश ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालुओं का आना-जाना रहता है।

पत्र में कहा गया है कि पिछले 4 महीने से ये हाल हो रहा है कि रोज सीवर का पानी भरा रहता है। बिना बरसात के ये हाल है कि यहां रहने वाले आम जनता का जीवन बद से बत्तर हो रहा है। वबाग कम्पनी के सभी अधिकारीयों और जल-कल विभाग के जेई से लेकर जीएम को भी मौके पर दिखा दिया है, लेकिन कोई समधान नहीं हो पा रहा है। सीवर लाइन मे अवैध डेरियों के कनेक्शन है। मर्कज मस्जिद रोड़ के नाले की



ओर अवैध अतिक्रमण है, नाले की सफाई नहीं हो रही है नाले का ढाल उलटा है। सीवर लाइन की डिलडिंग नहीं हो रही है। इन सब छोटी-छोटी समस्याओ के कारण ये हाल हो रहा है रोज पानी भरा रहता है। पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी और मौजूदा पार्षद रूखसाना सैफी ने नगर आयुक्त से अनुरोध किया है कि इन समस्याओं का समाधान कराया जाये।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुत दिनों से खामोश थे भाजपा नेता भानु शिशोदिया के शब्द ? जो कहना चाहते थे नहीं कह पाते थे ? ना जाने कैसे कैसे पड़ता था उनको सहना ? मगर जैसे ही जनरली साहब के कदम गाजियाबाद में पड़े ? आ गई सिसोदिया जी के मुख पर गर्व भारी मुस्कान ? बता दिया उन्होंने खूब को साहब की सेना ? अब इस सेना में उनका क्या है किरदार ? देखते इस पर क्या आते है भानु भैया के विचार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के एक पूर्व अध्यक्ष को दी है एक पुराने चेहरे ने नाम ना छापने की शर्त पर सलाह ? कहा है , वो जिससे जुड़ते है, कुछ दिनों बाद उसे अपना दुश्मन मानने लगते है ? अगर छोड़ दे वो अपनी ये आदत ? सच बता रहा हूँ उनका हो सकता है भला ? उन्होंने अपनी इस आदत से कर लिया है कई चेहरो को नाराज ? यही वजह है कि उनकी राजनीति नहीं चढ़ पा रही परवाज ? उनके साथ के चेहरों ने छू लिया है आसमान ? अगर वो थोड़ा बहुत परिवर्तन खुद मैं कर लें, फिर दूर नहीं है उनसे उम्मीदों का जहान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शर्मा एंड कंपनी का आज भी धड़कता है जनरली साहब के लिए दिल ? वो दिल से कर रहे है दुआ कि साहब को कुछ बड़ा जाये मिल ? वो जब भी बैठते है अपने खास चेहरों के नजदीक ? कहते है, साहब के साथ नहीं हुआ है ठीक ? कहने वाले ने कहा , आज नहीं तो कल साहब को कुछ बड़ा तो मिलना ही है ? हम तो चाहते कि इस तरह दिल से मोहब्बत करने वाले चेहरों को साहब को रखना चाहिए अपने नजदीक ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह हाथ वाले भारद्वाज जी लगातार दिखा रहे है सक्रियता ? जरूर देना चाह रहे है वो कोई बड़ा संदेश ? उनकी एक्टिविटी को देखकर लग रहा है कि वो अपनी डॉटर को बनाना चाह रहे है विधानसभा का फेस ? लोकसभा वाले बुझे हुए अरमानो को वो सुलगाना चाहते है विधानसभा चुनाव के साथ ? वो राजनीति के पुराने खिलाड़ी है ? वो जानते है उप चुनाव में होती है बहुत ही कम पोलिंग ? बस इसी बात को ताकत बनाकर हम जीत सकते है चुनाव ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से हाथ वाले चौधरी को पता चली है डॉली मैडम के खिलाफ एफआईआर करने वाली बात ? हमने सुना है ये सुनने के बाद उनके सीने में सुलग रही आग ? उन्होंने अपने समर्थकों को दे दिया है संदेश ? कह दिया है अगर भगवा वालों ने की एफआईआर दर्ज करने की गलती ? तो आंदोलन करने को तैयार रहे हमारा एक एक फेस ? कह दिया है उन्होंने कि सामने वाले हाथ को कमजोर समझने के गलती ना पाले ? अगर उधर हुई एफआईआर, तो इधर धरने प्रदर्शन होंगे ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ने ये तो रही है पुरानी परंपरा ? जब भी कोई नेता लखनऊ से करता है भाजपा जॉइन ? तो अपनी जॉइनिंग के बाद वो एक दो दिन में भाजपा महानगर कार्यालय पर जाने का निकाल लेता है टाइम ? मगर हम देख रहे है , पांडे जी के प्रिय शर्मा जी जॉइनिंग होने के समय बाद तक है महानगर कार्यालय से दूर ? हम तो आपके सवाल के मध्यम से उनको पुरानी परंपराओं का एहसास करना चाहते है ? बाकी वो जाये या ना जाए, ये उनकी मजी है हुजूर ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मंडी वाले पोलिथीन मामले में ये भी रहा एक सीन? कांग्रेस के पार्षद ने जब खोला व्यापारियों के समर्थन में मोर्चा तो नहीं दिखे उनके साथ कांग्रेस के लीडर? जब आ गई थाने में एफआईआर की नौबत? तो भी साथ आये भाजपा पार्षद मंडी में भी मौजूद थे भाजपा वाले? कहने वाले ने कहा कि अगर पार्षद अकेला लड़ रहा है तो आना चाहिए था कांग्रेस नेताओं को भी साथ? अगर यही रहे हालात तो कैसे मजबूत होगा हाथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक वार्ड का पार्षद बन गया है अपने वार्ड के लिए ही नासूर? वो तलाश रहा है वार्ड में खामियां और वार्ड वालों का ही कसूर? क्यों कहा वार्ड के ही भगवा व्यापारी ने कि हम हैं इस समय बहुत ही मजबूर? हमने तो विचारधारा को वोट दिया था लेकिन हमें नहीं पता था कि वो करेगा हम पर ही चोट? कहने वाले ने कहा कि अगर यही रहे हालात तो किसी दिन होगा उस वार्ड में बड़ा भगवा विवाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उपचुनाव वाली बेला में होगा कौन से दावेदार के साथ इमोशनल खेला? सुना है दावेदार को दी गई है मेरठ से लेकर लखनऊ तक से बड़ी गारंटी? कहने वाले ने कहा कि आने तो दीजिए चुनावों की बेल? और हो जायेगा यहां सियासी खेल? क्रासिंग वाले भी ना पालें उम्मीद और लाइन पार से भी नहीं बनता दिखाई दे रहा है फिलहाल सीन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सियासी हलचल के मौसम में शांत पड़ा है हाथी वालों का दफ्तर? यहां देखकर लगता नहीं है कि यहां लगाते हैं हाथी वाले नेता कोई चक्कर? कहने वाले ने कहा कि फिलहाल हाथी वाले खेमे में छाई हुई है सियासी सुस्ती? उन्हें पता है कि जब चुनावी दंगल आयेगा तो बाहर का पहलवान ही आकर लड़ेगा हमारे अखाड़े में कुश्ती?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## कार्यक्रम





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से विगत 20 जून से पूरे देश भर में हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गाजियाबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप, मेयर सुनीता दयाल,विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा शामिल हुए । कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को किया जाता है।

# पंजाबी समाज की अनदेखी पर फूटा वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना का गुस्सा

## कहा मोहन लाल रहेजा की कुर्बानी पर हुआ था डीसी गर्ग का टिकट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पंजाबी समाज के प्रतिष्ठित चेहरे और भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश साधना उन समर्पित कार्यकर्ताओं में गिने जाते हैं जो कभी किसी बात की शिकायत नहीं करते और पार्टी प्लेटफार्म पर काम करते हैं। उम्र के इस दौर में वो पूरी तरह एक्टिव हैं। पार्टी के सभी कार्यक्रमों में भाग लेते हैं और एक साफ्ट नेचर के नेता माने जाते हैं। भाजपा के प्रति उनका समर्पण किसी से छुपा नहीं है। लेकिन इस बार कुछ ऐसा हुआ जिसने कि सबको हैरान कर दिया।



आमतौर पर शांत रहकर राजनीति करने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना को गुस्सा आ गया और उनका ये गुस्सा भाजपा की राजनीति में पंजाबी समाज की अनदेखी को लेकर आया। दरअसल पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने यूट्यूब पंजाबी चैनल की स्थापना की है और इसी चैनल पर वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना का लगभग एक मिनट कर इंटरव्यू आया। जगदीश साधना इस एक मिनट की वीडियों में आक्रोशित दिखाई दे रहे हैं। विशेष बात ये है कि उनका ये आक्रोश पार्टी या किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं है बल्कि उनका आक्रोश पंजाबी समाज की अनदेखी को लेकर है। जगदीश साधना ने इस वीडियो में कहा कि आज गाजियाबाद में सांसद, विधायक, मेयर, पार्षद पंजाबी समाज से नहीं है। उन्होंने यह बात बताते हुए अतीत के पन्नों से पूरा परिदृश्य बताया।

उन्होंने कहा कि हमारे बहनोई मोहन लाल रहेजा यहां जनसंघ के पहले अध्यक्ष बने थे। हम उन परिवारों से हैं जिन्होंने इस भाजपा को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि आज राज करने वाले कई तरह की बातें करे हैं। लेकिन मैं बता दूं कि डीसी गर्ग को तब चेयरमैन बनाय गया था जब चेयरमैन की दावेदारी पंजाबी समाज ने वापस ली थी। उन्होंने कहा कि मोहन लाल रहेजा ने अपनी दावेदारी की कुबार्नी सुंदर दास मक्कड़ के कहने पर दी थी। जगदीश साधना ने कहा कि हमने कभी अपना परिवार नहीं देखा।

पंजाबियत ने हमेशा देशहित को प्राथमिकता दी है। बहरहाल वरिष्ठ भाजपा नेता और पंजाबी समाज के प्रतिष्ठित चेहरे जगदीश साधना के इस बयान के बाद पंजाबी राजनीति में तूफान आने की उम्मीद है। क्योंकि उनका यह बयान उपचुनाव से पहले आया है और दावेदारी के मौसम में आया है। पंजाबी समाज को लेकर ये बयान तब आया है जब इस बार पंजाबी समाज में दावेदारी का अंडर करंट दौड़ रहा है। ऐसे में वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना के ये शब्द पंजाबी समाज को कितना प्रेरित करते हैं और भाजपा नेतृत्व को सोचने के लिए कितना मजबूर करते हैं ये देखने की बात है।

## -शुरू हुआ भाजपा में आयामों वाला प्रोग्राम-

# हर बूथ पर लगेगा एक पौधा अपनी मां के नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के बारे में यह कहा जाता है कि यहां वर्ष भर काम होता है। यहां संगठन पूरे पांच साल चुनाव की तैयारी करता है और यही वजह है कि भाजपा में प्रकल्प आयाम के साथ एक पूरा कलैंडर आता है। लोकसभा चुनावों के नतीजे के बाद सरकार का गठन होते ही भाजपा फिर से अपने काम में लग गई है। कार्यकर्ताओं के लिए लिस्ट तैयार है।

भाजपा का प्रकल्प आयाम का लैटर आ गया है। अब भाजपा में पहला काम पहला आयाम पौधा रोपण का हो रहा है। इस आयाम में हर बूथ पर एक पौधा लगाया जायेगा। जो भी यह पौधा लगायेगा वो अपनी मां के नाम से इस पौधे को लगायेगा।

पौधा रोपण की पूरी तैयारी हो गयी है और 6 जुलाई तक यह आयाम पूरा हो जायेगा यानी 6 जुलाई तक हर बूथ पर एक पौधा मां के नाम से लगा दिया जायेगा। भाजपा लोकसभा चुनावों के बाद इस आयाम के साथ अपने वर्किंग मोड में लौट रही है।







## कार्यकर्ता स्वयं करेंगे अपने बूथ पर पौधे का इंतजाम

**करंट क्राइम।** भाजपा का नया आयाम एक पौधा मां के नाम आ गया है। आयाम की शुरूआत गाजियाबाद में क्षेत्रीय अध्यक्ष के कर कमलों से हुई। 28681 बूथों पर ये पौधे लगाये जायेंगे। गाजियाबाद में भी सभी बूथों पर पौधा रोपण होगा। सबसे खास बात ये है कि इस अभियान में किसी भी सरकारी विभाग से कोई सहयोग नहीं मांगा गया है। बूथ पर चलने वाले पौधारोपण की कमान स्वयं कार्यकर्ता संभालेंगे। कार्यकर्ता ही पौधे का इंतजाम करेंगे। कार्यकर्ता ही पौधा लगायेंगे और कार्यकर्ता ही उसकी देखभाल करेंगे।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने पौधा लगाकर की आयाम की शुरूआत

**करंट क्राइम।** रविवार को पौधा रोपण अभियान की शुरूआत हो गई। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने पौधा लगाकर इस आयाम की शुरूआत की। उन्होंने वार्ड संख्या 10 से भाजपा पार्षद रेखा गोस्वामी के वार्ड में बूथ संख्या 12 पर पौधा लगाया। इस दौरान पार्षद रेखा गोस्वामी, पूर्व महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान भी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## 28681 बूथों पर चलेगा एक पौधा मां के नाम अभियान

**करंट क्राइम।** भाजपा का नया आयाम एक पौधा मां के नाम रविवार को गाजियाबाद से शुरू हुआ। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने इस आयाम की शुरूआत की। इस अभियान के सहसंयोजक मानसिंह गोस्वामी ने बताया कि इस अभियान को पूरी शिद्दत के साथ पूरा करना है। उन्होंने बताया कि एक बूथ पर 15 दिन में 15 पौधे लगाने का लक्ष्य है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 28681 बूथों पर यह अभियान चलेगा। इस अभियान से प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण के प्रति सम्मान और जागरूकता की भावना पैदा की जायेगी।

## संपादकीय


# सामंजस्य की कमी

आज जब कई मुस्लिम देश शिया एवं सुन्नी सम्प्रदाय के नाम पर आपस में ही लड़ रहे हैं तो उनका ईसाई पंथ को मानने वाले नागरिकों के साथ सामंजस्य किस प्रकार रह सकता है, अत: यूरोपीयन देशों के नागरिकों को अब अपने किए पर पछतावा होने लगा है। ब्रिटेन में भी आज मुस्लिम समाज की आबादी बहुत बढ़ गई है एवं यहां का ईसाई समाज अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगा है क्योंकि मुस्लिम समाज द्वारा ईसाई समाज पर कई प्रकार के आक्रमण किया जाना आम बात हो गई है। ब्रिटेन के कई शहरों में तो मेयर आदि जैसे उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के पदों पर भी मुस्लिम समाज के नागरिक ही चुने गए हैं अत: इन नगरों में सत्ता की चाबी ही अब मुस्लिम समाज के नागरिकों के हाथों में है, जिसे ईसाई समाज के नागरिक बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसी प्रकार, इजराईल (यहूदी समुदाय) एवं हम्मास (मुस्लिम समुदाय) के बीच युद्ध लम्बे समय से चल रहा है।ईरान (शिया समुदाय) - सऊदी अरब (सुन्नी समुदाय) के आपस में रिश्ते अच्छे नहीं है। पाकिस्तान में तो अहमदिया समुदाय एवं बोहरा समुदाय को मुस्लिम ही नहीं माना जाता है एवं इनको गैर मुस्लिम मानकर इन पर सुन्नी समुदाय द्वारा खुलकर अत्याचार किए जाते हैं। कुल मिलाकर, मुस्लिम समाज न केवल अन्य समाज के नागरिकों (यहूदी, ईसाई, हिंदू आदि) के साथ लड़ता आया है बल्कि इस्लाम के विभिन्न फिर्कों के बीच भी इनकी आपसी लड़ाई होती रही है।

इसके ठीक विपरीत, सनातन हिंदू संस्कृति का अनुपालन करते हुए कई भारतीय मूल के नागरिक भी अन्य देशों में रह रहे हैं एवं लम्बे समय से स्थानीय स्तर पर ईसाई समाज एवं अन्य धर्मों के अनुयायियों के साथ मिल जुलकर रहते आए हैं। इन देशों में भारतीय मूल के नागरिकों एवं स्थानीय स्तर पर अन्य धर्मों के अनुयायियों के बीच कभी भी बड़े स्तर पर आक्रोश उत्पन्न होता दिखाई नहीं दिया है, क्योंकि सनातन हिंदू संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वे भवंतु सुखिन: का भाव हिंदू नागरिकों में बचपन से ही भरा जाता है।

इसी प्रकार के भाव का  संचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पिछले 99 वर्षों से अपने स्वयंसेवकों में जगाता आया है। संघ चाहता है कि संसार में सद्गुणों का बोलबाला हो। 27 सितम्बर 1933 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार, शस्त्र पूजा समारोह में अपने उदबोधन में कहते हैं कि संघ एक हिंदू संगठन है। संसार के सभी धर्मों में हिंदू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है, जिसका मुख्य गुण सद्गुण है और जो 'आत्मव भूतेषु' (सभी प्राणियों में अपने को देखना) की भावना से सभी जीवों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना सिखाता है। यह धर्म संसार में व्याप्त हिंसा और अन्याय को स्वीकार नहीं करता।इसलिए स्वाभाविक है कि प्रत्येक हिंदू ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाना चाहता है लेकिन केवल उपदेश देने से संसार का स्वभाव नहीं बदलेगा।जब संसार को लगेगा कि हिंदू समाज सुसंगठित और सशक्त हो गया है, तो हमारे प्रति जो अनादर का भाव सर्वत्र दिखाई देता है, वह समाप्त हो जाएगा और संसार हमारी बात सुनेगा। हिंदू धर्म अनादि काल से यही करता आ रहा है और ऐसे पवित्र धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए ही संघ की शुरूआत हुई है।आजकल हिंदू समाज बहुत अव्यवस्थित हो गया है। संघ का एकमात्र उद्देश्य हिंदू समाज को इस तरह संगठित करना है कि हिंदू, हिंदुस्तान में गर्वित हिंदू के रूप में खड़े हो सकें और दुनिया को यह विश्वास दिला सकें कि हिंदू कोई ऐसी जाति नहीं है ।

# अमेरिकी जीडीपी डाटा, मानसून और बजट होंगे बाजार के लिए अहम



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजारों के लिए पिछला सप्ताह कंसोलिडेशन वाला रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में करीब 0.2 प्रतिशत की मामूली बढ़त रही। यह लगातार तीसरा सप्ताह था, जब बाजार में साप्ताहिक रिटर्न सकारात्मक रहा है। इस सप्ताह निवेशकों की नजर मानसून की प्रगति, जुलाई में आने वाले बजट, विदेशी निवेशकों द्वारा किये जाने वाले निवेश, कच्चे तेल की कीमत और वैश्विक बाजार पर रहेगी। वहीं, वैश्विक स्तर पर अमेरिका में पहली तिमाही का जीडीपी डाटा और व्यक्तिगत उपभोग व्यय मूल्य सूचकांक के आंकड़े 27 और 28 जून को जारी किये जाएंगे। इनका असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। पिछले सप्ताह सेंसेक्स में 217 अंक यानि 0.28 प्रतिशत और निफ्टी में 35 अंक यानि 0.15 प्रतिशत का इजाफा हुआ। निफ्टी बैंक बाजार का स्टार परफॉर्मर रहा। इसने करीब तीन प्रतिशत का रिटर्न दिया। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट में वरिष्ठ टेक्निकल एनालिस्ट प्रवेश गौर का कहना है कि बाजार अगले सप्ताह एक सीमित दायरे में रह सकता है। इसकी वजह बाजार में खरीदारी और बिक्री के लिए किसी मजबूत संकेत का न होना है। हालांकि, बाजार में अंडरकरेंट तेजी का है। अगर कोई भी गिरावट आती है तो वह खरीदारी का मौका होगी। वहीं, अगर कोई बड़ी तेजी आती है तो मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है।

मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविंद सिंह नंदा ने कहा, निफ्टी 23,400 अंक से 23,700 अंक की रेंज में रह सकता है। बैंक निफ्टी की टोन बुलिश है, लेकिन 51,500 अंक के ऊपर टिके रहना होगा। अगर 52,200 अंक के ऊपर जाता है तो 53,000 अंक को छू सकता है। सपोर्ट 49,900 अंक से लेकर 50,500 अंक के बीच है। अगर यह रेंज टूटती है तो यह 49,000 अंक तक भी उतर सकता है।

# 1 साल से निराश कर रहा है टाटा का यह शेयर, अब होगी डिविडेंड की बरसात

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में इस हफ्ते कई कंपनियां एक्स डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेंगी। इन कंपनियों की लिस्ट में टाटा एलेक्सी लिमिटेड भी शामिल है। कंपनी ने निवेशकों को हर शेयर पर 70 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। बता दें, बीते एक साल में शेयर बाजारों में टाटा एलेक्सी ने पोजीशनल निवेशकों को निराश किया है।




### परसों रिकॉर्ड डेट

कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि हर शेयर पर 70 रुपये का फाइनल डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया जाएगा। निवेशकों की योग्यता तय करने के लिए 25 जून की तारीख को रिकॉर्ड डेट घोषित हुआ है। यानी जिन निवेशकों का नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में इस दिन रहेगा उसे ही डिविडेंड का लाभ मिलेगा।

### 17 बार डिविडेंड दे चुकी है कंपनी

आखिरी बार टाटा एलेक्सी पिछले साल 22 जून को एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड किया था। तब कंपनी ने हर एक शेयर पर 60.60 रुपये का डिविडेंड दिया था। सबसे पहली बार टाटा ग्रुप की इस कंपनी ने 2001 में डिविडेंड बांटा था। तब से अब तक 17 बार निवेशकों को डिविडेंड मिल चुका है। इस बार टाटा एलेक्सी 18वीं बार डिविडेंड का तोहफा निवेशकों को देने जा रही है। टाटा एलेक्सी ने एक बार निवेशकों को बोनस शेयर का भी तोहफा दिया है। कंपनी ने 2017 में एक शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया था। बता दें, कंपनी टाटा संस की कुल हिस्सेदारी 42.2 प्रतिशत है।

### शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन निराशाजनक

कंपनी ने पिछले एक साल के दौरान निवेशकों को निराश किया है। इस दौरान कंपनी के शेयर 7 प्रतिशत तक टूट गए हैं। बीते 6 महीने के दौरान टाटा एलेक्सी के भाव में 19 प्रतिशत की गिरावट आई है। बता दें, शुक्रवार को टाटा ग्रुप का यह शेयर बाजार बंद होने के समय पर 1.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7123.20 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था।

# 2030 तक 240 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है देश का इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट विनिर्माण



**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा दिए जाने के कारण देश के इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट और सब-असेंबली का बाजार 2030 तक 240 अरब डॉलर के आंकड़े को छू सकता है। इससे 2026 तक करीब 2.8 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी और 500 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के लक्ष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की रविवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि प्राथमिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट और सब-असेंबली (पीसीबीए सहित) की मांग 2030 तक 30 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से बढ़ते हुए 139 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। पिछले वर्ष इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट और सब-असेंबली की मांग 45.5 अरब डॉलर पर थी जिसने करीब 102 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के विनिर्माण में मदद की। रिपोर्ट में बताया गया है कि बैटरी (लिथियम आयन), कैमरा मॉड्यूल, मैकेनिकल, डिस्प्ले और पीसीबी के लिए कंपोनेंट को सरकार ने उच्च प्राथमिकता में रखा है। वर्ष 2022 में देश की कुल इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट की मांग में 43 प्रतिशत का योगदान इन्हीं उत्पादों का था। वर्ष 2030 तक इस मांग के 51.6 अरब डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया कि पीसीबीए में भारत के लिए काफी संभावनाएं हैं क्योंकि इसकी मांग की ज्यादातर पूर्ति आयात से की जाती है। यह सेगमेंट 30 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है। इसकी मांग 2030 में 87.46 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट में कुछ विशेष इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट के लिए वित्तीय सहायता देने की भी मांग की गई है। छह से आठ साल तक वित्तीय सहायता मिलने से इन उत्पादों की विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए उत्पादकों के पास पर्याप्त समय होगा। इसके अतिरिक्त रिपोर्ट में प्रमोशन ऑफ मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट एंड सेमीकंडक्टर 2.0 स्कीम शुरू करने की मांग की गई है। इसमें कहा गया है कि दूसरे चरण में 25 से 40 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाए ताकि संभावित निवेशकों को आसानी हो। सीआईआई ने कहा है कि भारतीय उत्पादों की निर्यात मांग पैदा करने से दोतरफा फायदा होगा। पहला, निर्यात की मात्रा बढ़ जाएगी। दूसरी तरफ घरेलू कंपोनेंट और सब-असेंबली के विनिर्माण के लिए भी यह मददगार होगा।

# सेंसेक्स में इन कंपनियों ने पिछले हफ्ते बनाया पैसा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया।

### इन कंपनियों का बोलाबाला

बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 1,01,769.1 करोड़ रुपये घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 52,091.56 करोड़ रुपये बढ़कर 12,67,056.69 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 36,118.99 करोड़ रुपये जोड़े जिससे इसका मूल्यांकन 8,13,914.89 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 17,915.43 करोड़ रुपये बढ़कर 6,35,945.80 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 32,271.31 करोड़ रुपये घटकर 19,66,686.57 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में 27,260.74 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और यह 6,47,616.51 करोड़ रुपये पर आ गया। आईटीसी का मूल्यांकन 14,357.43 करोड़ रुपये घटकर 5,23,858.91 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 8,904.95 करोड़ रुपये के नुकसान से 5,73,617.46 करोड़ रुपये रह गया।

## राशिफल

**मेष :** स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा, साक्षात्कार व करियर संबंधी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृष :** शैक्षणिक व शोध इत्यादि कार्यों के परिणाम सुखद रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी कार्य में उत्साह व प्रसन्नता से सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन :** दु:खद समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। प्रियजनों के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है।

**कर्क :** संबंधियों तथा मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**सिंह :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। लंबे प्रवास की योजना बनेगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा।

**कन्या :** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रतिद्वंद्वी परस्त होंगे।

**तुला :** किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। फालतू खर्च होगा। असमंजस रहेगा। निर्णय लेने की क्षमता कम होगी।

**वृश्चिक :** यात्रा लाभदायक रहेगी। काफी समय से रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा।

**धनु :** नई योजना बनेगी। पुराने किए गए निर्णयों का लाभ अब प्राप्त होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मकर :** राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धार्मिक कृत्यों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है। विवाद को बढ़ावा न दें। अतिउत्साह हानिप्रद रहेगा। कुसंगति से बचें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बाहरी सहायता से कार्यों में गति आएगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में चैन रहेगा।

## चुटकुले

पप्पू- बताओ इंसान के बच्चों और जानवरों के बच्चों में क्या फर्क है...
पिंकी- गधे का बच्चा बड़ा होकर गधा बनता है और उल्लू का बच्चा उल्लू बनता है
पर इंसान का बच्चा बड़ा होकर गधा भी बन सकता है और उल्लू भी...

---

'मान भी जाओ' से लेकर 'भाड़ में जाओ'
तक का सफर ही...
'प्यार' और 'शादी' है...
बाकी तो सब मात्र मोह माया है

दो चूहे पेड़ पर बैठे थे,
नीचे से एक हाथी गुजरा, एक चूहा हाथी पर गिर गया...
तभी दूसरा चूहा बोला, 'दबा कर रख इसे, मैं भी आता हूं...

## रोचक तथ्यों का करंट

- मच्छरों की प्रजातियां हैं उनमें से एक (एनोफेलीज) एक मलेरिया वाहक है, जबकि तीन अन्य एन्सेफलाइटिस फैलाने के लिए जाने जाते हैं।
- मच्छर का शरीर तीन खंडों में बांटा गया है : सिर, थोरैक्स और पेट।
- मच्छर की अधिकांश प्रजातियों को एक प्रमुख घातक और नुकसान पहुंचानेवाला कीड़ा माना जाता है क्योंकि वे मनुष्यों और जानवरों के खून का उपभोग करते हैं।
- पश्चिम वर्जीनिया में मच्छर की सबसे कम प्रजातियां हैं। इस पहाड़ी राज्य में कुल 26 प्रजातियां पाई जाती हैं।
- आइसलैंड में एक भी मच्छर नहीं हैं।
- मच्छर के सिर पर एंटीना की एक जोड़ी होती है। जिससे वे गंध का पता लगाते हैं जो प्रजनन के लिए उपयुक्त शिकार और साइटों की पहचान की सुविधा प्रदान करते हैं।
- एक चोरी हुई कार की खोज करते समय फिनिश पुलिस को मृत मच्छर मिला। उन्होंने मच्छर के अंतिम भोजन से रक्त का परीक्षण किया और चोर की पहचान करने के लिए इसका इस्तेमाल किया।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# ऑस्ट्रेलिया पर अफगानिस्तान की ऐतिहासिक जीत से सेमीफाइनल का परिदृश्य बदला

**किंग्सटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अफगानिस्तान की 21 रनों की ऐतिहासिक जीत ने 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप 1 को खोल दिया है। टूनार्मेंट के सुपर आठ चरण के समापन में केवल चार मैच बचे हैं, आईएएनएस देख रहा है कि सेमीफाइनल में प्रवेश की दौड़ में बने रहने के लिए टीमों को क्या करने की आवश्यकता है।



ग्रुप 1 में, भारत चार अंकों और 2.425 के नेट रन रेट के साथ तालिका में शीर्ष पर है, जो उन्हें सेमीफाइनल में प्रवेश करने का प्रमुख दावेदार बनाता है। सोमवार को सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत से भारत को ग्रुप 1 में शीर्ष स्थान बरकरार रखने में मदद मिलेगी। लेकिन अगर ऑस्ट्रेलिया बड़े अंतर से भारत को हराता है तो वे भारत से आगे निकल जाएंगे और यदि अफगानिस्तान सेंट विंसेंट में बांग्लादेश पर भारी अंतर से जीतते हैं तो वे भी आगे निकल सकते हैं। अगर भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो वे अपना सेमीफाइनल मैच 27 जून को गयाना में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए हालात बेहद खराब हैं क्योंकि वह दो अंक पर है और अफगानिस्तान से करारी हार के बाद उसका नेट रन रेट +0.223 हो गया है। भारत के खिलाफ जीत से ऑस्ट्रेलिया के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बन जाएगी, जबकि रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली टीम से हार से अफगानिस्तान या बांग्लादेश के लिए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने का मौका बन जाएगा। इस बीच, अफगानिस्तान अपने अंतिम सुपर आठ मैच में बांग्लादेश के खिलाफ एक और जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकता है। अगर भारत दिन की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो उनका काम आसान हो सकता है, जिससे उन्हें यह जानने में मदद मिलेगी कि सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें बांग्लादेश को कितने अंतर से हराना होगा।

भारत और ऑस्ट्रेलिया से हार के बावजूद, बांग्लादेश भी मिश्रण में है और उसे अफगानिस्तान से आगे निकलने के लिए कम से कम 30 रन से जीत की जरूरत है और अगर उसे सेमीफाइनल में प्रवेश करना है तो ऑस्ट्रेलिया को भारत से भारी हार की जरूरत होगी। ग्रुप 2 में, सुपर आठ के मैचों के अंत से पहले चीजें अभी भी दिलचस्प हैं। प्रतियोगिता में अब तक अपराजित दक्षिण अफ्रीका को टूनार्मेंट के सह-मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ बड़ी जीत की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहे और ग्रुप 1 में दूसरे स्थान पर मौजूद टीम के साथ सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दक्षिण अफ्रीका को हराना होगा. यदि वे हारते हैं, तो उन्हें बारबाडोस में इंग्लैंड को हराने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका पर निर्भर रहना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके नेट रन रेट पर भारी असर न पड़े। मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने अंतिम सुपर आठ मुकाबले में अमेरिका पर जीत के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका की वेस्टइंडीज पर जीत की जरूरत है। अगर बारबाडोस में मैच धुल जाता है, तो भी इंग्लैंड को दक्षिण अफ्रीका की जीत की उम्मीद करनी होगी।

# विंडीज टीम बाहर हो जाती है तो मैं भारत के साथ हूं: रिचर्ड्स

**ग्रोस आइलेट।** महान बल्लेबाज विवियन रिचर्ड्स ने भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम का दौरा करके रोहित शर्मा और टीम से कहा कि अगर वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप में पहले बाहर हो जाती है तो वह भारतीय टीम की हौसलाअफजाई करेंगे। रिचर्ड्स बांग्लादेश और भारत के बीच सुपर आठ चरण के मैच के बाद बेस्ट फील्डर का मेडल देने भारतीय ड्रेसिंग रूम में आए थे। उन्होंने सूर्यकुमार यादव को यह मेडल पहनाया।




सर रिचर्ड्स ने कहा- बेहतरीन प्रदर्शन। इतनी दमदार टीम से मैं क्या कहूं। आपका प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मैं इतना ही कहूंगा कि अगर वेस्टइंडीज टीम नहीं जीत पाती है तो मैं आपके साथ हूं।' सर विव का यह बयान सुनकर ड्रेसिंग रूम में मौजूद हर शख्स हंसने लगा। सर विव ने कहा, 'वेस्टइंडीज का होने के नाते आपको यहां देखकर अच्छा लग रहा है।' बीसीसीआई ने यह वीडियो पोस्ट किया है। रिचर्ड्स ने फील्डिंग मेडल सूर्यकुमार यादव को दिया जिन्होंने स्क्वेयर लेग पर लिटन दास का शानदार कैच लपका था।

**सर रिचड्र्सन ने पंत की भी तारीफ की**

विव रिचड्र्स ने ऋषभ पंत की तारीफ करते हुए कहा, 'उस हादसे के बाद आपको यहां देखकर अच्छा लग रहा है। अगर आप वापसी नहीं करते तो हम एक बेहतरीन प्रतिभा को खो देते। आपको इस तरह खेलते देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। सर विव जब ड्रेसिंग रूम में आए तो सभी खिलाड़ियों और स्टाफ ने उनके सम्मान में स्टैंडिंग ओवेशन दिया। विव रिचर्ड्स ने ड्रेसिंग रूम में आते ही सबसे पहले विराट कोहली को गले लगाया। इसके बाद वह राहुल द्रविड़ से मिले। फिर फील्डिंग कोच टी दिलीप से मेडल लेकर सूर्या को दिया। विव रिचर्ड्स पहले भी कई बार टीम इंडिया की तारीफ कर चुके हैं।

# बांग्लादेश पर जीत के साथ सेमीफाइनल की दहलीज पर पहुंचा भारत




**एंटीगुआ।** भारत ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ 50 रनों से जीत दर्ज करते ही सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया है। इससे पहले टीम इंडिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ 47 रनों से जीत के साथ सुपर-8 में अपने विजय रथ का आगाज किया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ 20 ओवर में पांच विकेट पर 196 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश 20 ओवर में आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी।

**ग्रुप-1 की अंक तालिका का हाल**

सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने जीत के साथ ग्रुप-1 की अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है। दो मैचों में लगातार दो जीत के साथ उनके खाते में चार अंक हो गए हैं। इसके अलावा उनका नेट रनरेट +2.425 का हो गया है। वहीं, उन्हें अपना अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को खेलना है। इस मैच में जीतते ही भारत सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया दूसरे पायदान पर खिसक गई है। फिलहाल उनके खाते में दो अंक हैं। पहला स्थान हासिल करने के लिए उन्हें रविवार को अफगानिस्तान के खिलाफ खेले जाने वाले मैच में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। तीसरे और चौथे स्थान पर क्रमशः अफगानिस्तान और बांग्लादेश की टीमें हैं। दोनों टीमों को अपने पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा है।

## ताश के पत्तों की तरह बिखरा बांग्लादेश का बल्लेबाजी क्रम

197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को लिट्टन दास और तंजीद हसन ने अच्छी शुरूआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 35 रनों की साझेदारी हुई। लिट्टन 10 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, तंजीद को कुलदीप यादव ने 66 रन के स्कोर पर एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मुकाबले में बांग्लादेश की तरफ से कप्तान नाजमुल हसन शांतो के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चला। उन्होंने 32 गेंदों का सामना किया और एक चौके और तीन छक्कों की मदद से 40 रन बनाए। हालांकि, अर्धशतक की तरफ बढ़ रहे शातों को बुमराह ने अपना शिकार बनाया। भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ बांग्लादेश का बल्लेबाजों क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। इस मैच में तौहीद ने चार, शाकिब अल हसन ने 11, महमुदुल्लाह ने 13, जाकिर अली ने एक, रिशाद हुसैन ने 24 रन बनाए। वहीं, मेहदी हसन और तंजीम क्रमश: पांच और एक रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए कुलदीप यादव ने तीन विकेट चटकाए जबकि अर्शदीप और बुमराह को दो-दो सफलताएं मिलीं। वहीं, हार्दिक पांड्या ने भी एक विकेट चटकाया।

## भारत ने बनाया टी20 विश्व कप का अपना तीसरा सर्वोच्च टोटल

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 196 रन बनाने में सफल रही। भारत का इस विश्व कप में यह सर्वोच्च टोटल है। भारत ने इस तरह इस टूनार्मेंट के इतिहास का अपना तीसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। टीम का नॉर्थ साउंड स्टेडियम पर टी20 में यह सर्वाधिक स्कोर भी है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी रही, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा इस साझेदारी को और बड़ी नहीं कर सके और शाकिब अल हसन की गेंद पर आउट हुए। रोहित का विकेट लेने के साथ ही शाकिब टी20 विश्व कप में 50 विकेट पूरे करने वाले पहले गेंदबाज बन गए। लगातार खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली का बल्ला भी इस मैच में बोला और उन्होंने 24 गेंदों पर 36 रनों की पारी खेली। कोहली हार्दिक के बाद भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे, लेकिन अर्धशतक से चूक गए। वहीं, शिवम दुबे ने हार्दिक पांड्या का अच्छा साथ निभाया और 24 गेंदों पर 34 रनों की पारी खेली। एक समय ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम 200 रन का स्कोर पार कर लेगी, लेकिन बांग्लादेश के गेंदबाज कुछ हद तक वापसी करने में सफल रहे।

# भारत के खिलाफ वापसी करेगा ऑस्ट्रेलिया : मार्श




**किंग्सटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श को भरोसा है उनकी टीम भारत के खिलाफ सुपर आठ के करो या मरो के मुकाबले हर हाल में वापसी करेगी। ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के हाथों 21 रन की चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा है जिससे उसकी सेमीफाइनल उम्मीदों को झटका लगा है। मार्श ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,हमें अपने समूह पर बहुत भरोसा है। हम एक बहुत अच्छी क्रिकेट टीम हैं। हां, आज रात हमारी छुट्टी थी, लेकिन मुझे लगता है कि इस तथ्य में एक सकारात्मक बात यह भी है कि 36 घंटों में हम फिर से जाएंगे। मुझे लगता है कि अगर आप इस टीम के संक्षिप्त इतिहास पर नजर डालें तो मैं इस तथ्य से वाकिफ हूं कि यह हमारे खिलाड़ियों में से सर्वश्रेष्ठ को सामने लाती है, इसलिए लड़के निश्चित रूप से इसके लिए तैयार रहेंगे।" उन्होंने कहा,यह सब खुद पर भरोसा करने के बारे में है। हमारे पास लोगों का एक अच्छा समूह है और मेरा मानना है कि सर्वश्रेष्ठ के साथ हमारा सर्वश्रेष्ठ भी है। इसलिए, हमें कुछ दिनों के समय में इसे किसी भी दिन लाना होगा और बहुत जल्दी आगे बढ़ना होगा। ऑस्ट्रेलिया को भी खराब क्षेत्ररक्षण का सामना करना पड़ा क्योंकि उन्होंने पांच कैच छोड़े, साथ ही मैथ्यू वेड द्वारा एक स्टंपिंग भी छोड़ी गई, और बहुत सारे मिसफील्ड हुए, जिसे मार्श ने स्वीकार किया कि यह बिल्कुल भी आदर्श नहीं था। बहुत सी चीजें हैं जिन्हें आप देख सकते हैं, वास्तविकता यह है कि जब स्कोर कम होता है तो यहां मामूली अंतर होता है। हम निश्चित रूप से अपने क्षेत्ररक्षण पर गर्व करते हैं। काम करने वाले लड़कों पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। मुझे लगता है कि यह किसी से अलग नहीं है। हमने काम किया, हम आज रात मैदान में प्रदर्शन नहीं कर सके और अंततः इसने हमारे मैच हारने में भूमिका निभाई। मुझे लगता है कि हम मैदान पर बहुत अधिक रातें बिताना नहीं चाहते हैं, लेकिन मेरा यह भी मानना है कि हम अपने सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण में एक अविश्वसनीय टीम हैं, इसलिए आज रात को देखना आसान है। हां, यह निराशाजनक था लेकिन आखिरकार, हमने इसे बदलने में 36 घंटे लगेंगे और मुझे अब भी विश्वास है कि मैदान में हमारा सर्वश्रेष्ठ बहुत अच्छा है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा लिया गया एक और निर्णय, जिस पर काफी चर्चा हो रही है, वह सेंट विंसेंट में स्पिन की अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए मिशेल स्टार्क को बाहर करना और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर एश्टन एगर को लाना है। जब भी आप इस तरह का निर्णय लेते हैं, तो स्टार्सी एक तरह से दुर्भाग्यशाली है। लेकिन हमने टूनार्मेंट की शुरूआत से ही कहा है कि हमारे पास यहां 15 लोग हैं और हम एक ऐसी टीम चुनेंगे जो हमें लगता है कि हमें उन निश्चित परिस्थितियों में जीत दिला सकती है।" मार्श ने निष्कर्ष निकाला, आज रात सब कुछ ऐश की ओर इशारा कर रहा था और मुझे लगा कि उसने शानदार काम किया है। चार ओवर, एक मैडन और 17 रन। वह उत्कृष्ट था। वास्तविकता यह है कि जब आपके पास इतनी प्रतिभा होती है, तो कोई हमेशा चूक जाता है। मुझे नहीं लगता कि आज रात पावरप्ले में मैच जीता गया या हारा।"

## ऑस्ट्रेलिया से होगा मुकाबला

# आज सेमीफाइनल पर भारत की नजर




● **भारत अपनी जीत की लय को बरकरार रखने के लिए उतरेगा**

**ग्रॉस आईलेट।** भारतीय टीम का सोमवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा। सुपर-8 का यह मुकाबला सेंट लूसिया के डैरन सैमी राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में दोनों टीमें टी20 विश्व कप 2024 में पहली बार आमने-सामने होंगी। भारत अपनी जीत की लय को बरकरार रखने के लिए उतरेगा जबकि ऑस्ट्रेलिया अपने आखिरी मैच में भारत को हराकर सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखना चाहेगी।

### ऑस्ट्रेलिया के लिए करो या मरो का मुकाबला

रविवार को अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराकर सेमीफाइनल के लिए दावा ठोक दिया। अब उन्हें अपना आखिरी मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। अगर इस मैच में वह बड़े अंतर से जीतते हैं तो उनका नेट रनरेट सुधर जाएगा और उनके खाते में चार अंक हो जाएंगे। वहीं, दूसरी तरफ भारत को हर हाल में ऑस्ट्रेलिया को हराना होगा। इससे ऑस्ट्रेलिया के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद मजबूत हो जाएगी।

### भारत का पलड़ा भारी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक कुल 31 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें 19 मैच भारत और 11 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा है। वहीं, टी20 विश्व कप की बात करें तो भारत ने तीन मैचों में जीत हासिल की है जबकि ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ दो मुकाबलों में जीत का स्वाद चखा है। ऐसे में भारत अपने जीत के रथ को बरकरार रखना चाहेगा।

### टी20 विश्व कप 2024 के लिए दोनों टीमें

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर , एडम जैम्पा।

# हम भी भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी ही करते लेकिन कप्तान और कोच ने कुछ और ही सोचा : शाकिब

**एंटीगा।** भारत के हाथों टी 20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में 50 रन की हार झेलने के बाद बांग्लादेश के अनुभवी लेफ्ट आर्म स्पिन आलराउंडर शाकिब अल हसन ने कहा कि वह बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे लेकिन कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। शाकिब ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, व्यक्तिगत रूप से यदि आप मुझसे कैरेबियन में पूछते हैं तो यह एक या दो मैच हैं - जब इंग्लैंड ने 180 रन का पीछा किया था। इसके अलावा अधिकांश टीमों के लिए पहले बल्लेबाजी करने का चलन रहा है और वे बहुत सफल रहे हैं। इसलिए, यदि आप आंकड़ों को देखें तो आदर्श रूप से आप पहले बल्लेबाजी करते, लेकिन हो सकता है कि कप्तान और कोच ने अन्यथा सोचा हो।" यह पूछे जाने पर कि क्या टीम प्रबंधन ने उनके दृष्टिकोण को स्वीकार किया है, शाकिब ने कहा कि ऐसा नहीं है। नहीं, इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं है। ये अनुभव या वरिष्ठता के मुद्दे नहीं हैं। जब कोई लीडर होता है, कप्तान होता है तो यह उसका निर्णय होता है। अगर हम अच्छा करेंगे तो इसका श्रेय उन्हें जाएगा।अगर हमने बुरा किया तो हम कोच और कप्तान के फैसले पर सवाल उठाते हैं। यह मुझे बहुत उचित लगता है।" लेकिन यह ऐसे ही चलता है। खेल इसी तरह खेला जाता है। यदि आप देख सकते हैं कि हमने पहले दो ओवरों में दो विकेट लिए, तो आप सोचेंगे कि यह एक अच्छा निर्णय था। चूंकि पहले दो ओवरों में कोई विकेट नहीं गिरा, तो स्वाभाविक रूप से हमने सोचा कि अगर हम इस विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते तो बेहतर होता।" उन्होंने विस्तार से बताया, हमने सोचा कि हम उन्हें उचित तरीके से रोक सकते हैं ताकि हमारे दिमाग में स्कोर बना रहे और हमें पता हो कि हमें बल्लेबाजी करते समय कैसे खेलना चाहिए।

# दिल्ली की मंत्री आतिशी का अनशन तीसरे दिन भी जारी, कहा हरियाणा से नहीं आ रहा पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीते सप्ताह पेयजल का संकट और बढ़ गया। यहां राष्ट्रीय राजधानी में पेयजल के उत्पादन में सामान्य दिनों के मुकाबले 100 एमजीडी से भी अधिक की गिरावट आई है। इस बीच राज्य के लिए पानी की मांग कर रही दिल्ली की मंत्री आतिशी का अनशन रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। आतिशी ने आज कहा कि हरियाणा के हथिनी कुंड में पानी भरा हुआ है लेकिन वहां की सरकार ने दिल्ली के लिए पानी छोड़ने वाले गेट बंद कर दिए हैं। दिल्ली के हक के पानी पर हरियाणा सरकार ने ताला लगाया है। आतिशी का कहना है कि जब तक दिल्ली की जनता को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता तब तक उनका 'पानी सत्याग्रह' जारी रहेगा। दूसरी ओर, दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के पेयजल उत्पादन में अब 117 एमजीडी पानी की कमी आ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आतिशी के अनशन पर बैठने के बाद हरियाणा ने और अधिक पानी रोकना शुरू कर दिया है। इससे प्रतिदिन करीब 17 एमजीडी पानी की अतिरिक्त कमी हुई है। सौरभ भारद्वाज का कहना है कि एक एमजीडी पानी से करीब 28,500 लोगों की पानी की जरूरत पूरी होती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में पहले 100 एमजीडी पानी की कमी थी। अब 117 एमजीडी पानी की कमी हो गई है। अतिरिक्त 17 एमजीडी पानी दिल्ली के करीब 4.85 लाख लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से लगातार दिल्ली को कम पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पहले दिल्ली में प्रतिदिन 1000 एमजीडी के आप-पास पानी का उत्पादन हो रहा था। यह 21 जून को घटकर 896 एमजीडी रह गया है। दिल्ली सरकार ने आरोप लगाया कि हरियाणा की ओर से आने वाले पानी में लगातार कमी की जा रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार पर भी हमला करते हुए कहा कि 'वन इंडिया वन टीम' की बात करने वाले आज अपने ही देश की राजधानी के लोगों को प्यासा रख रहे हैं। जल संकट के मुद्दे पर दिल्ली सरकार के मंत्री आज उपराज्यपाल से भी मुलाकात करेंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा, इससे पहले मैं और आतिशी उप राज्यपाल से पानी के मुद्दे पर मुलाकात कर चुके हैं। इस मुलाकात को उपराज्यपाल ने बकायदा तीन कैमरों में रिकॉर्ड करवाया था।



# जम्मू-कश्मीर में दम तोड़ते आतंकवाद से हमारा पड़ोसी हताश : उप-राज्यपाल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवाद समाप्त होने की कगार पर है। इससे आतंकवाद का निर्यातक, हमारा पड़ोसी देश, हताश हो गया है। उप-राज्यपाल ने जम्मू डिविजन के रियासी जिले में उप पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में बेसिक रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग कोर्स (बीआरटीसी) के 16वें बैच के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हमेशा बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उच्च स्तर की पेशेवर उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। कई दशकों से इस पुलिस बल ने देश की अखंडता और सुरक्षा की रक्षा के लिए समर्पण के साथ काम किया है। पाकिस्तान का नाम लिए बिना उप-राज्यपाल सिन्हा ने कहा, पुलिस बल ने जम्मू-कश्मीर के विकास के पहियों को रुकने नहीं दिया है। आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा है जिस वजह से आतंकवाद का निर्यातक, हमारा पड़ोसी देश, हताश है। हाल के दिनों में हुए आतंकवादी हमले हमारे दुश्मन की हताशा के संकेत हैं। हमारा लक्ष्य आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करना है। हमें आतंकवादियों, उनकी मदद करने वालों और शरण देने वालों को खत्म करना होगा। उप-राज्यपाल ने प्रशिक्षु जवानों की परेड की सलामी ली।



# इंडिया गठबंधन मिलकर लड़ेगा विधानसभा उपचुनाव, सीट शेयरिंग पर जल्द फैसला : शिवपाल यादव

● **जल्द ही हम लोग इस मुद्दे पर आम सहमति बना लेंगे**

**इटावा।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव रविवार को उत्तर प्रदेश के इटावा पहुंचे। जहां तमाम मुद्दों पर उन्होंने खुलकर अपनी राय रखी। मीडियाकर्मियों से मुखातिब होते हुए उपचुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है और जब भी घोषणा होगी तो इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ेगी और सभी सीट जीतेगी। उपचुनाव में सीट शेयरिंग पर उन्होंने कहा कि जल्द ही हम लोग इस मुद्दे पर आम सहमति बना लेंगे। पहले चुनाव का ऐलान होने दीजिए। करहल सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर शिवपाल यादव ने कहा कि जहां तक इस सीट से प्रत्याशी का सवाल है, तो ये सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तय करेंगे।



उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बहुत जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष इसकी घोषणा कर देंगे। किसको कहां से चुनाव लड़ाना है, यह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अधिकार क्षेत्र का विषय है। नीट पेपर लीक को लेकर उन्होंने कहा कि नीट के अलावा जितनी भी परीक्षाएं हुई हैं, भाजपा के शासनकाल में सभी का पर्चा लीक हुआ है। जांच करने में देरी हो गई है। अगर पेपर लीक हुआ है तो पहले ही जांच कराकर दंडित किया जाना चाहिए था। यूपी की जिम्मेदारी संभालने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जिसे जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, वह काम करेगा। पार्टी के सभी नेता, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे।

# भाजपा के प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी के पिता स्व. कृष्ण कुमार त्यागी को दी श्रद्धांजलि










































**गाजियाबाद करंट क्राइम। भाजपा के प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी के पिता स्व. कृष्ण कुमार त्यागी को विभिन्न दलों से जुड़े राजनीतिज्ञों, गणमान्य लोगों, समाजसेवियों के अलावा मीडिया के लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि।**

# मौत और जिंदगी से जूझ रहा चांद

## पांच गोली लगने के बाद भी दौड़ता रहा

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गांव खिंदौड़ा में हुए दोहरे हत्याकाण्ड की गूंज प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक पंहुच गई है। शासन स्तर से इस घटना पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इतना ही नहीं निरंतर गाजियाबाद पुलिस से घटना का संज्ञान लिया जा रहा है। घायल चांद अभी भी मौत और जिदंगी से जूझ रहा है। उसके हौसले की चारों और प्रशंसा हो रही है। वह पांच गोली लगने के बाद भी दौड़ता रहा और उसने ही पुलिस को एक व्यक्ति से फोन कराया और वारदात की सूचना दी थी।



निवाड़ी थानान्तर्गत गांव खिंदौड़ा निवासी वेदप्रकाश त्यागी के बाग में मेरठ के जानी थानान्तर्गत गांव रसूलपुर धौलड़ी निवासी पप्पू (55) अपने बेटे राजा (26) व चांद (22) बाग की देखभाल करते थे। वेदप्रकाश त्यागी के बाग के निकट ही गांव खिंदौड़ा निवासी सुधीर त्यागी का बाग है। शुक्रवार को सुधीर त्यागी से पप्पू व उसके पुत्रों की रजवाहे से पानी के बंटवारे को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। रात्रि करीब 10 बजे पप्पू अपने दोनों पुत्रों के साथ एक ही बाइक पर गांव वापस जा रहा था। इसी बीच रजवाहे मार्ग पर तीनों पिता पुत्रों पर ताबड़ तोड़ गोलियां बरसाकर रजवाहे में फेंक दिया गया। गोलियों की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मामले में सुधीर त्यागी, बिट्टू त्यागी व दीपक त्यागी सहित सात आरोपितों के नाम सामने आये। पुलिस ने रात में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार रात मृतक पप्पू के पुत्र चांद शरीर में पांच गोलियां लगने के बाद भी हिम्मत दिखाते हुए मौके से किसी तरह भागा और पुलिस को फोन कराया। चांद पुलिस को फोन कराने के बाद दोबारा घटनास्थल तक लौटकर आया था। इसलिए वह मौके के पास ही घायल अवस्था में मिला। धौलड़ी निवासी पप्पू के छोटे भाई बिलाल ने निवाड़ी थाने में सुधीर त्यागी समेत सात आरोपितों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। बिलाल ने बताया कि दिन में पानी को लेकर हुए विवाद में सुधीर त्यागी और उसके पुत्रों ने जान से मारने की धमकी दी थी, लेकिन पप्पू को इसका अंदाजा नहीं था, कि उन पर हमला हो जाएगा। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि इस मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार कर लिए गए हैं, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। चांद का गंभीर अवस्था में मेरठ के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।




### जनरली कर रहे हैं ऐसा महसूस वो तो निकला दीदी के लिये मन....!

उसके कदमों में कुछ तो अलीन हैं और मौहल्ले की भगवा दीदी से लेकर लोकसभा की दीदी ने इस बात को ठीक से फील कर लिया है। मौहल्ले वाली दीदी ने तो बख्त ही उससे पीछा छुड़ा लिया और अब उन्हे लग रहा होगा कि थैंक्स गॉड सही टाईम में भगा दिया उसे। मौहल्ले की पालिटिक्स से अगले ने डायरेक्ट लोकसभा वाली सियासत में कदम रखे। लोकसभा वालों को भी पता नही क्या सूझी कि उन्हे कोच का हैड बनाया और भ्रमण के लिये भेज दिया। कहने वाले ने कहा कि अगर बात हमारी झूठ लग रही हो तो मिला लो कनेक्शन और देख लो उनके कदमो का जादू। एक नगरी में वो गये और कमाल हो गया फूल ही मुरझा गया और जिन्होने उन्हे भेजा था अब वो भी सोच में होगें क्योंकि उनके कदमों का प्रताप वहां से लेकर उनके घर तक आया और टिकट ही विकट हो गया। कोई सोच भी नही सकता था कि उनका टिकट कटेगा लेकिन कट गया। कहने वाले ने कहा कि अगर पहले पता होता तो एलर्ट रहते अब तो जनरली हम भी ये महसूस कर रहे हैं कि वो तो सही में दीदी के लिये मन... ही निकला।

### उगाही की सर्जिकल स्ट्राईक को लेकर हो ना जाये भगवा मेंबर में फाईट

रिवर पार वाले एरिया में सीवर वालों यानि नगर निगम वालों के लिये ज्यादा स्कोप निगम में नही हैं। यहां के कई वार्ड तो जीडीए के पास हैं और निर्माण वाले सीन में आवास विकास हैं। शिकायत बिजनेस वालों के लैटर आवास विकास जीडीए में मिलेगें नदियापार की एक धरा है यहां सर्जिकल स्ट्राईक का किस्सा गूंज रहा है। उनकी लाठी में दम हैं और लाठी को हैवीवेट आर्शीवाद हैं तो लाठी अपने वार्ड की सीमाओं से आगे जाकर प्रहार कर रही है। कमाने से लेकर थाने तक के सीन में भगवा मेंबर मिल जायेगें धरा वाले दूसरे मेंबर ने ही कहा कि अजी इन बातों में कुछ ना धरा और हम तो उसे कुछ कह ना रहे लेकिन अगर हांडी का मुंह खुला रह गया तो उनको लिहाज करना चाहिये हम तो लिहाज कर रहे हैं लेकिन लगता है कि वो भी लाठी खाये बिना मानेगा नही ।

### ये अवैध निर्माण केवल फूल वालें पार्षदों को ही दिखाई देता है क्या

बाजार में लगे होर्डिंग हों या फिर दुकानों के बाहर रखा सामान हो या मौहल्ले में हो रहा निर्माण हों ये सब फूल वाले पार्षदों को ही दिखाई देता है। वो चुने तो गये जन के प्रतिनिधि के लिये लेकिन वो अब काम कर रहे हैं विधि के लिये और पब्लिक को वो एज पर रूल बता रहे हैं। बाजार वाले ने ही कहा कि भाई साहब ये अवैध निर्माण केवल फूल वाले पार्षदों को ही दिखाई देता है क्या। कांग्रेस का पार्षद भी अपने वार्ड में पब्लिक के लिये अड़ जाता है। दूसरे दलों के भी मेंबर हैं लेकिन सरकारी महकमों में जाकर देख लो शिकायत वाले लैटर भी सबसे ज्यादा फूल वाले लिख रहे हैं। अवर अभियंता सुपरवाइजर से भी पहले ये अवैध निर्माण केवल फूल वाले पार्षदों को ही दिखाई दे जाता है।

# भारत की बदौलत आर्थिक संकट से बचा देश : श्रीलंकाई राष्ट्रपति विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शनिवार को पहली बार स्वीकार किया कि हमारा देश भारत की मदद के चलते अपने सबसे बुरे आर्थिक संकट से दो कठिन वर्षों में बच गया है। उन्होंने कहा, यह सब भारत से 3.5 अरब डॉलर की वित्तीय मदद से संभव हो पाया। उन्होंने नई दिल्ली के साथ मजबूत साझेदारी बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

20-22 जून तक कोलंबो में 31वीं अखिल भारतीय साझेदार बैठक में बोलते हुए विक्रमसिंघे ने कहा, अपनी पिछली भारत यात्रा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साझेदारी के मुख्य क्षेत्रों पर चर्चा की थी। अब दो कठिन वर्षों से गुजरने के बाद, मुझे यह स्वीकार करना होगा कि यह संभव हो सका क्योंकि भारत ने हमें 3.5 अरब डॉलर का ऋण दिया

**‘यह सब भारत से 3.5 अरब डॉलर की वित्तीय मदद से संभव हो पाया।’**



था। वह सब चुकाया भी जाएगा। विक्रमसिंघे ने कहा कि अक्षय ऊर्जा उन गंभीर क्षेत्रों में से एक है जिस पर दोनों देश संयुक्त रूप से काम करेंगे। जब मैंने मोदी से संयुक्त कार्यक्रम में तेजी लाने की पर चर्चा की, तो उन्होंने इस पर सहमति जताई।

### कई परियोजनाओं पर काम जारी

श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने कहा कि हमने उचित संख्या में कई प्रस्तावों पर चर्चा की है।

पहला, भारत-श्रीलंका के बीच ग्रिड इंटरकनेक्शन है, ताकि स्थायी ऊर्जा भारत को दी जा सके। सैमपुर सौर ऊर्जा परियोजना सरकार से सरकार के बीच एक परियोजना है। विक्रमसिंघे ने कहा-इसके अलावा और भी परियोजनाएं हैं, जहां जल्द ही काम शुरू होने की उम्मीद है। इनमें दोनों देशों के बीच भूमि संपर्क परियोजना पर भी हमारा ध्यान केंद्रित है। औद्योगिक परियोजनाओं पर विक्रमसिंघे ने कहा कि त्रिंकोमाली विकास परियोजना में भी तेजी लाई जाएगी, जिसमें औद्योगिक निवेश क्षेत्र और पर्यटन क्षेत्र का विकास शामिल हैं।

### दिवालियापन के दौर से बाहर आएंगे

विक्रमसिंघे ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बारे में कहा कि यह वैश्विक ऋणदाता भी श्रीलंका को आर्थिक संकट से बाहर निकालने में मदद कर रहा है।

हमने अभी-अभी आईएमएफ के निदेशक मंडल की बैठक संपन्न की है, जो काफी सफल रही। अब हम अपने ऋणदाता देशों, पेरिस क्लब, भारत और अन्य के साथ बैठक करने की तैयारी कर रहे हैं। विक्रमसिंघे ने जल्द ही श्रीलंका के दिवालियापन के दौर से बाहर निकलने की उम्मीद जताई।

### श्रीलंका और भारत के बीच होगा ग्रिड इंटरकनेक्शन

विक्रमसिंघे ने कहा, ह्लपहला है श्रीलंका और भारत के बीच ग्रिड इंटरकनेक्शन, ताकि पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा भारत को भेजी जा सके, जहां आप सभी को इसकी बहुत जरूरत है। हमारे पास सामपुर सौर ऊर्जा परियोजना है, जो अंतरसरकारी परियोजना है और एक तीन-द्वीप परियोजना है, जहां हम उम्मीद करते हैं कि जुलाई में शिलान्यास हो सकता है।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त श्रीलंका और भारत के बीच भूमि संपर्क स्थापित करने की परियोजना पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

# संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर जयशंकर
## विदेश मंत्री से कई अहम मुद्दों पर करेंगे चर्चा

**दुबई।** विदेश मंत्री एस जयशंकर आज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जाएंगे। इस दौरान वह अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। वहीं, दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों पर चर्चा होगी। बताया जा रहा है कि द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा, जयशंकर और अल नाहयान के गाजा में समग्र स्थिति पर विचार-विमर्श करने की उम्मीद है। जयशंकर की यात्रा भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक विकास की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी।

### पिछले कुछ वर्षों में संबंधों में हुआ काफी सुधार

विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर आज यूएई की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष के साथ साझेदारी के विभिन्न मुद्दों पर बैठक करेंगे। भारत और यूएई के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में

**द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा, जयशंकर और अल नाहयान के गाजा में समग्र स्थिति पर विचार-विमर्श करने की उम्मीद**



**जयशंकर की यात्रा भारत और यूएई के बीच वैश्विक विकास की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी**

काफी बढ़े हैं।

### पीएम मोदी ने इस साल की थी यूएई की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया है। दोनों देशों ने आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (उएढअ) पर हस्ताक्षर किए थे।

व्यापार समझौते में कई लाभ दिए गए हैं, जिनमें टैरिफ को खत्म करना और कम करना, खुले व्यापार के माहौल को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में सेवा प्रदाताओं के लिए बाजार पहुंच को बढ़ाना शामिल है। यूएई 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भारत में शीर्ष चार निवेशकों में से एक है। करीब 35 लाख संख्या के साथ भारतीय समुदाय यूएई में सबसे बड़ा प्रवासी समूह है।



# पाक की अर्थव्यवस्था हुई जर्जर, महंगाई चरम पर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अर्थव्यवस्था लगातार जर्जर होती जा रही है और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) समेत कई देशों का कर्जदार होने के चलते देश महंगाई के जंजाल में फंसता जा रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, संवेदनशील मूल्य सूचकांक (एसपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति में लगातार चौथी साप्ताहिक वृद्धि दर्ज की गई है। इसका मुख्य कारण सब्जियों व खाद्य पदार्थों की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि है।

वर्तमान खत्म हुए सप्ताह में, साल-दर-साल एसपीआई-आधारित मुद्रास्फीति 23.78% की तेजी से बढ़ी है और साप्ताहिक तुलना में 0.94% की वृद्धि देखी गई है। उधर, वित्त विधेयक 2024 में अप्रत्यक्ष करों की एक पूरी श्रृंखला का प्रस्ताव है, जिससे आगामी हफ्तों में मुद्रास्फीति और बढ़ने की आशंका है। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 18% बिक्री कर से फार्मास्यूटिकल्स, किताबें, स्टेशनरी और पोल्ट्री उत्पादों के दाम भी आसमान छू जाएंगे। इतना ही नहीं टमाटर, प्याज और आलू जैसी जरूरी सब्जियों के दाम भी आसमान पर पहुंचेंगे।

**सब्जियों व खाद्य पदार्थों की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि**

**प्रतिबंध के बावजूद इमरान खान की रिहाई को कई जगह प्रदर्शन :** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सात दिनों के लिए रैलियों और धरने पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थकों ने जेल में बंद अपने नेता और संस्थापक इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर पूरे प्रांत में विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले अधिकारियों ने लाहौर और अन्य जिलों में पीटीआई नेताओं के घरों पर छापे मारे।

**कुरान की बेअदबी पर युवक की हत्या को पाक मंत्री ने बताया गलत :** पाकिस्तान के योजना मंत्री अहसान इकबाल ने कुरान की कथित बेअदबी के आरोप में भीड़ द्वारा व्यक्ति की हत्या की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि सड़क पर भीड़ के न्याय को सही ठहराने के लिए धर्म को हथियार बनाया जा रहा है। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, इकबाल ने नेशनल असेंबली में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि भीड़ द्वारा न्याय की इस घटना का कड़ा संज्ञान लेना चाहिए।

# ‘आतंकवाद के खात्मे के लिए नया अभियान होगा शुरू’, एनएपी की बैठक के बाद पीएम शहबाज शरीफ ने की घोषणा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म करने के लिए नया अभियान शुरू करेगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को इसकी घोषणा की।

देश में तालिबान प्रायोजित आतंकियों के पैर जमाने के बीच प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, आतंकवाद से लड़ना सभी संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है।

प्रधानमंत्री शरीफ ने राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी) की शीर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम शरीफ ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमारा सामूहिक कर्तव्य और देश की सभी संस्थाओं का प्राथमिक दायित्व है। यह आपके और मेरे बारे में नहीं, बल्कि हमारे बारे में है। हमें इसे साथ

**पाकिस्तान में 2023 के दौरान 789 आतंकवादी हमलों और आतंक-रोधी अभियानों में 1,524 मौतें हुईं और 1,463 लोग घायल हो गए।**



**आतंकवाद से लड़ना सभी संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है : शहबाज शरीफ**

मिलकर खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रांतों को भी देश में आतंकवाद से निपटने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान पिछले ढाई दशकों से आतंकवाद का सामना कर रहा है। अपराध, मादक पदार्थ, तस्करी, उग्रवाद और धार्मिक आतंकवाद की संलिप्तता के कारण इससे निपटना जटिल हो गया है।

16 दिसंबर, 2014 को पेशावर के स्कूल में हमले के बाद आतंकवाद को खत्म करने के लिए 20 सूत्री एनएपी एजेंडा सरकार द्वारा अपनाया गया था और विपक्षी दलों द्वारा अनुमोदित किया गया था।

शीर्ष समिति की बैठक ऐसे समय में हुई जब पाकिस्तान ने हाल के वर्षों में आतंकवादी कृत्यों में बढ़ोतरी का सामना किया है।

अनुसंधान एवं सुरक्षा अध्ययन केंद्र द्वारा जारी एक वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2023 के दौरान 789 आतंकवादी हमलों और आतंक-रोधी अभियानों में 1,524 मौतें हुईं और 1,463 लोग घायल हो गए।

# चुनाव में कथित धांधली का इमरान खान की पार्टी ने जताया विरोध

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीई) ने देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में विफल होने का आरोप लगाते हुए देश के मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की है। एक समाचार पत्र के मुताबिक पीटीआई पार्टी के नेताओं ने नेशनल असेंबली के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर संसद से लेकर संविधान एवेन्यू में मौजूद पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) भवन तक विरोध रैली निकाली।

**'अपने काम करने में विफल रहा चुनाव आयोग' :** पीटीआई नेता और नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने चुनाव में कथित धांधली को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त रजा और चुनाव आयोग के सदस्यों के इस्तीफे की मांग की। बता दें कि 8 फरवरी को पाकिस्तान में हुए विवादास्पद आम चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगे हैं। इस रैली के दौरान उमर अयूब ने सीईसी रजा के और ईसीपी के सदस्यों के तुरंत इस्तीफे की मांग की और आरोप लगाया कि उनका एक मात्र काम साफ और पारदर्शी चुनाव कराना है लेकिन वो अपने संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा करने में नाकाम रहे।

**इमरान खान की रिहाई को लेकर की गई नारेबाजी :** रिपोर्ट के मुताबिक सभी प्रदर्शनकारियों को चुनाव आयोग के केंद्रीय कार्यालय पहुंचने से पहले सुरक्षाकर्मियों ने रोक दिया।

बता दें कि पीटीआई के प्रदर्शन को देखते हुए ईसीपी भवन के बाहर पहले से ही भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे।

# श्रीलंकाई ने गिरफ्तार किए 18 भारतीय मछुआरे
## अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने का लगाया आरोप

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में कथित तौर पर अवैधर तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार रात तलाशी अभियान के दौरान मछुआरों को डेल्फ्ट द्वीप समूह के पास उत्तरी सागर से गिरफ्तार किया गया। नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गायन विक्रमसूर्या ने बताया कि गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कांकेरसंतुरई बंदरगाह ले जाया गया।

पिछले हफ्ते श्रीलंकाई नौसेना ने इसी तरह के आरोप में चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था और उनकी नौका जब्त कर ली थी। नौसेना ने कहा कि श्रीलंकाई जल क्षेत्र में कथित तौर पर अवैध मछली पकड़ने के लिए



2024 में अब तक 182 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है और उनकी 25 नौकाएं जब्त की गई हैं। पिछले साल 2023 में 240 से 245 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस तरह की ज्यादातर घटनाएं पाक जलडमरूमध्य में होती हैं। यह तमिलनाडु से उत्तरी श्रीलंका के बीच एक पट्टी है। यह मछलियों के लिए समृद्ध क्षेत्र माना जाता है।

श्रीलंका के मत्स्य मंत्रालय ने कहा कि भारती द्वारा कथित तौर पर अवैध रूप से मछली पकड़ने के मुद्दे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ चर्चा की जाएगी, जब वह 20 जून को यहां आएंगे।

भारत और श्रीलंका के संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद मुद्दा है। श्रीलंका के नौसैनिकों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की थी और श्रीलंका के जल क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने के लिए उनकी नौकाओं को जब्त किया।

# सऊदी अरब में गर्मी का कहर या लापरवाही?
## हज के लिए गए एक हजार जायरीनों की हुई मौत

**काहिरा।** इस साल की हज यात्रा सऊदी अरब की भीषण गर्मी की वजह से जायरीनों के लिए मुश्किल भरी रही। इस साल हज के दौरान होने वाली मौतों का आंकड़ा 1,000 को पार कर गया है। जैसे-जैसे मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, वैसे ही ये सवाल भी उठ रहा है कि सऊदी अरब में हुई इन मौतों के लिए किसे जिम्मेदार माना जाए।

### 16 ट्रैवल एजेंसियों पर गिरी गाज

काहिरा के दो अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में आधे से ज्यादा मिस्र के लोग थे। वहीं, मिस्र ने 16 ट्रैवल एजेंसियों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं, जो बिना पंजीकरण कराए जायरीनों को सऊदी अरब की यात्रा करने में मदद करती थीं। हालांकि, सऊदी अरब ने हज की यात्रा के दौरान हुई मौतों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।



**मिस्र में हुई इतनी मौतें :** मिस्र सरकार ने इस साल हज के दौरान पुरानी बीमारियों के कारण 31 जायरीनों की मौत की जानकारी दी। हालांकि, एक कैबिनेट अधिकारी ने बताया कि हज यात्रा के दौरान कम से कम 630 अन्य मिस्रियों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत मक्का के अल-मुआइसम इलाके में आपातकालीन परिसर में हुई। इसकी पुष्टि करते हुए मिस्र के एक राजनयिक ने कहा कि ज्यादातर मृतकों को सऊदी अरब में दफनाया गया है। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी।

सऊदी अधिकारियों ने बिना पंजीकरण वाले जायरीनों पर नकेल कसी। हजारों लोगों की यात्रा पर रोक लगा दी। हालांकि, कई खासकर मिस्रवासी मक्का और उसके आसपास पवित्र स्थलों तक पहुंचने में कामयाब रहे। कुछ ने मक्का तक पहुंचने के लिए पैदल यात्रा की।

# इजराइल में सरकार विरोधी प्रदर्शन
## देश में नए चुनाव कराने की मांग उठी

**तेल अवीव।** इस्राइल हमास युद्ध को शुरू हुए कई महीने बीत चुके हैं और अभी तक इस्राइल न हमास पर जीत हासिल कर सका है और न ही अपने बंधकों को हमास के कब्जे से रिहा करा सका है। यही वजह है कि अब इस्राइल के लोगों का भी सब्र जवाब दे रहा है। शनिवार रात को इजराइल के कई हिस्सों में हजारों लोगों ने सरकार विरोधी प्रदर्शन किए। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। प्रदर्शनकारियों ने देश में नए चुनाव कराने और गाजा से बंधकों की वापसी की मांग की। इस्राइली मीडिया के अनुसार, इन विरोध प्रदर्शनों में कई हस्तियां शामिल हुईं, जिनमें इस्राइल के सबसे प्रसिद्ध लेखकों में से एक डेविड ग्रॉसमैन और इस्राइली खुफिया एजेंसी शिन बेत के पूर्व प्रमुख युवल डिस्किन भी शामिल रहे।

**'नेतन्याहू देश के सबसे असफल प्रधानमंत्री' :** तेल अवीव के



कपलान स्ट्रीट पर आयोजित हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान डेविड ग्रॉसमैन ने कविता पढ़कर लोगों को सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की अपील की। शिन बेत के पूर्व प्रमुख युवल डिस्किन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को 'राज्य के इतिहास का सबसे खराब और सबसे असफल प्रधानमंत्री' बताया। डिस्किन ने 2005 से 2011 तक शिन बेत खुफिया एजेंसी के प्रमुख के रूप में काम किया था। डिस्किन ने जल्द से जल्द देश में चुनाव कराने की मांग की।

### पीएम आवास के बाहर जुटे प्रदर्शनकारी

लोगों ने सत्तारूढ़ लिकुड पार्टी के मुख्यालय के बाहर किंग जॉर्ज स्ट्रीट पर और प्रधानमंत्री आवास के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने जल्द चुनाव की मांग करते हुए बैनर पकड़े हुए थे, और अन्य ने गाजा में लड़ाई को समाप्त करने का आह्वान करते हुए बैनर पकड़े हुए थे। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया और सड़क पर टायर जलाए। इस दौरान पुलिसकर्मियों की प्रदर्शनकारियों के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। शनिवार शाम को हुए विरोध प्रदर्शन को प्रदर्शनकारियों ने 7 अक्तूबर के बाद का सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया।

# इस्राइल सेना ने की सारी हदें पार, घायल फलस्तीनी को जीप के आगे बांधकर घुमाया, हर ओर हो रही किरकिरी

**यरुशलम।** हमास और इस्राइल बीते आठ महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, इस्राइल की परेशानियां भी बढ़ती जा रही है। दरअसल, एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिखाई दे रहा है कि इस्राइली सेना एक घायल फलस्तीनी को जीप के बोनेट पर बांधकर ले जा रही है। इस वीडियो के सामने आने पर इस्राइल की किरकिरी हो रही है।

**वेस्ट बैंक के वादी बुरकिन इलाके का मामला :** इस्राइली सैनिक शनिवार को वेस्ट बैंक के जेनिन में रेड के दौरान एक घायल फलस्तीनी को अपनी गाड़ी के आगे बांधकर घुमाते नजर आए। उनका यह वीडियो



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, इस्राइल की सेना कुछ वॉन्टेड फलस्तीनियों को पकड़ने के लिए वेस्ट बैंक के वादी बुरकिन इलाके में गए थे।

**क्या बोला इस्राइली रक्षा बल?** : इस्राइली रक्षा बलों ने घटना की पुष्टि की है। उसने कहा कि वांछित संदिग्धों को पकड़ने के लिए शुरू किए गए आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान गोलीबारी में व्यक्ति घायल हो गया था। हालांकि, सेना ने घायल शख्स को एक संदिग्ध बताया है। इस्राइली सेना ने एक बयान में इस बात को भी माना कि उसके सैनिकों ने गाजा के पश्चिमी तट के जेनिन शहर में छापेमारी के दौरान एक घायल फलस्तीनी व्यक्ति को अपने जीप के आगे बांधकर प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है।

सेना ने एक बयान में कहा कि सैनिकों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी के दौरान एक संदिग्ध घायल हो गया और उसे पकड़ लिया गया। आदेशों और मानक संचालन प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए संदिग्ध को एक वाहन के ऊपर बांधकर सेना द्वारा ले जाया गया। घटना के वीडियो में सेना का आचरण आईडीएफ के मूल्यों के अनुरूप नहीं है। रक्षा बलों ने आगे कहा कि घटना की जांच की जाएगी और उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, घायल व्यक्ति को इलाज के लिए फलस्तीनी रेड क्रिसेंट में भेज दिया गया है। बता दें, जेनिन लंबे समय से फलस्तीनी समूहों का गढ़ रहा है। इस्राइली सेना नियमित रूप से शहर और आसपास के शरणार्थी शिविर में छापेमारी करती रहती है।

**आठ माह से जारी जंग :** हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है।

फलस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में कम से कम 549 फलस्तीनियों की मौत हो गई है। इस्राइल के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इसी अवधि में वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों के हमलों में कम से कम 14 इस्राइली मारे गए हैं।

# वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों की माताश्री स्व. शकुन्तला देवी को शोकसभा में दी गई श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद, करंट क्राइम। वरिष्ठ भाजपा नेता वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले की माताश्री स्व. श्रीमति शकुन्तला देवी का 17 जून को निधन हो गया था कल रविवार को उनकी शोकसभा में प्रमुख राजनीतिज्ञों, समाजसेवियों व गणमान्य लोगों के अलावा मीडिया जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर की पुष्पांजलि अर्पित



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर कार्यालय पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में संयोजक महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान और सह संयोजक राजू पांचाल के अलावा पंकज भारद्वाज, सुभाष शर्मा, गिरीश अवस्थी, सुरेंद्र प्रजापति, निखिल सिंह, छबील गुर्जर एवं इमरान चौधरी आदि मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पवन गौतम ने अपने बेटे का जन्मदिन अपने फेसबुक साथियों के साथ भी सेलिब्रेट किया। एक पिता ने अपने बेटे के हैप्पी बर्थडे पर उसके लिए सभी के आशीर्वाद की कामना की। बस यही चाहा कि बेटा एक अच्छा इंसान बने। पवन गौतम की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।